



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 14 अंक - 316 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 28 अगस्त 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### हादसा: बच्चों को लेकर स्कूल जा रही यूटिलिटी वाहन खाई में गिरी चीख-पुकार मचते ही बचाने के लिए दौड़े लोग

**बडकोट/उत्तरकाशी (एजेंसी)।** उत्तरकाशी तहसील बडकोट क्षेत्र में राजगढी के पास एक यूटिलिटी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस वाहन में 15-16 बच्चे सवार थे, जिन्हें लेकर यूटिलिटी स्कूल छोड़ने जा रही थी। वाहन पलटते ही 50 मीटर नीचे खाई में जा गिरा। सोमवार सुबह राजगढी के पास एक स्कूल बस पलटने की सूचना मिलते ही 108 आपातकालीन सेवा तथा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इससे पहले वाहन के खाई में गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनते ही ग्रामीण बचाने के लिए दौड़े। बच्चों को सुरक्षित निकाला गया। गनीमत रही कि बड़ा हादसे होने से टल गया। कुछ बच्चों को चोटें आई है। जिनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। स्कूल जा रहे सभी बच्चे बनाल पट्टी के थानकी और भानी गांव के हैं। हादसे के बाद से बच्चे डरे हुए हैं।

### छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का मंत्री मोहन मरकाम ने किया शुभारंभ गेड़ी दौड़ में मंत्री रहे अव्वल अफसर रह गए पीछे

**कोंडागांव।** कोंडागांव में रविवार को मंत्री मोहन मरकाम ने जिला स्तरीय तीन दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 का जिला मुख्यालय के विकास नगर स्टेडियम मैदान में शुभारंभ किया। इस अवसर पर खेल अधिकारी सहित जिले के प्रतिभावान बच्चे, अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में प्रतिभागी खिलाड़ियों ने भाग लिया।

छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों के महिला वर्ग के मध्य रस्सा खींच का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम के द्वारा सीटी बजाकर की गई। मैच में जनप्रतिनिधि महिला वर्ग विजेता रहीं।

पुरुष वर्ग जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी के मध्य गेड़ी दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम प्रथम स्थान पर रहे। वहीं, द्वितीय स्थान पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा रहे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम ने विजेता सभी खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की।

## भाजपा-कांग्रेस के इन प्रत्याशियों का हो सकता है आमना-सामना

# दुर्ग जिले की 6 सीटों पर कुछ ऐसा हो सकता है प्रत्याशियों का गणित

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** राजधानी रायपुर से लेकर दुर्ग तक जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों में टिकट को लेकर कयासों का दौर जारी है। कांग्रेस में जहां वैशाली नगर को छोड़कर बाकी सीटों पर प्रत्याशी लगभग तय बताए जा रहे हैं, वहीं भाजपा ने इकलौती पाटन सीट पर सांसद विजय बघेल को मैदान में उतार दिया है। बाकी की 5 सीटों के लिए जो नाम सामने आ रहे हैं, वह बहुतेरे लोगों को चौंका सकते है। दुर्ग ग्रामीण सीट पर जहां भाजपा महिला प्रत्याशी पर दाँव लगा सकती है, वहीं दुर्ग शहर सीट पर प्रत्याशी का नाम बेहद चौंकाने वाला हो सकता है। इसके अलावा वैशाली नगर व अहिवारा क्षेत्र में वहां प्रतिनिधित्व कर चुके नेताओं को टिकट दिए जाने की संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जिन प्रत्याशियों के नामों की चर्चा है, यदि उन्हें टिकट मिलती है तो भाजपा को इस बार भी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

विधानसभा चुनाव के लिए इस बार टिकट की कवायद भाजपा में जहां सीधे दिल्ली से चल रही है, वहीं कांग्रेस ने एक बार फिर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत ब्लाक स्तर से आवेदन मंगवाए हैं। दोनों ही दल सर्वे और उसके नतीजों को प्राथमिकता दे रहे हैं। इन हालातों में किसे टिकट मिलेगा और किसका टिकट कटेगा, इसे लेकर सिर्फ कयास ही लगाए जा सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सूत्रों की मानें तो दुर्ग जिले की 5 सीटों पर सभी विधायकों को टिकट मिलना तय है। सिर्फ वैशाली नगर सीट, जहां 2018 में भाजपा को जीत मिली थी, वहां से प्रत्याशी घोषित करना है। बताते हैं कि क्योंकि सभी 5 सीटों पर पार्टी पुरूष प्रत्याशी उतारने जा रही है, ऐसे में संभव है कि वैशाली नगर से किसी महिला को टिकट दे दी जाए। यह भी संभावना जताई जा रही है कि इस सीट से किसी सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को भी उतारा जा सकता है। विगत चुनाव में दुर्ग सीट से अरूण वोरा, भिलाई नगर सीट से देवेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण से ताम्रध्वज साहू, पाटन से भूपेश बघेल व अहिवारा से गुरू रूद्र कुमार ने जीत दर्ज की थी। संभावना है कि पार्टी इन सभी को एक बार फिर से रिपीट करे। राजनीति में रूचि रखने वाले ज्यादातर लोगों को कांग्रेस के इस टिकट वितरण पर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। इन 5 में से 1 विधायक का टिकट काटे जाने की बातें कही जा रही है, हालांकि प्रदेश कांग्रेस के नेता ऐसी किसी संभावना से इनकार कर रहे हैं।




### कांग्रेस से इनकी टिकट पक्की!

भले ही कांग्रेस में फिलहाल टिकट वितरण प्रक्रियाओं में है, लेकिन पार्टी के जानकारों की मानें तो जिले की 6 में से 5 सीटों पर प्रत्याशी लगभग तय हैं। ये वे 5 सीटें हैं, जहां वर्तमान में पार्टी के विधायक हैं। दुर्ग सीट से अरूण वोरा की टिकट फायनल बताई जा रही है। वहीं भिलाई नगर से देवेन्द्र यादव एक बार फिर कांग्रेस के सशक्त दावेदार होंगे। दुर्ग ग्रामीण सीट पर ताम्रध्वज साहू का कोई विकल्प नहीं है, वहीं पाटन से स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधायक हैं। अहिवारा क्षेत्र में भी गुरू रूद्र कुमार का नाम तय माना जा रहा है। हालांकि हाल ही में उनके नवागढ़ पलायन की खबरें भी आई थी। यदि स्थितियां ठीक-ठाक रही तो पार्टी के इन 5 प्रत्याशियों के टिकट फायनल हैं। वहीं कांग्रेस में पेंच सिर्फ वैशाली नगर सीट को लेकर फंसा हुआ है। जिले की यह इकलौती सीट है, जहां भाजपा को जीत मिली थी, इसलिए कांग्रेस का पूरा जोर इस सीट को हासिल करने पर है। जाहिर है कि कार्यकर्ताओं को यहां जीतने वाले प्रत्याशी का इंतजार है।

### भाजपा इन नामों पर चल सकती है दाँव!

बात यदि भारतीय जनता पार्टी की करें तो उसे मुख्यमंत्री के जिले में इस बार सेंधमारी के लिए खासी कवायद करनी पड़ सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, सर्वे के नतीजों और वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी के बाद दिल्ली तक जो नाम गए हैं, उनमें अहिवारा क्षेत्र से पूर्व विधायक महंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा का नाम शामिल है। अहिवारा जिले की इकलौती आरक्षित सीट है, जहां से कोर्सेवाड़ा पहले भी विधायक रह चुके हैं। पार्टी ने पाटन सीट से पहले ही सांसद विजय बघेल के नाम का ऐलान कर दिया था। बताते हैं कि दुर्ग ग्रामीण सीट से जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष माया बेलचंदन का नाम प्रमुखता में है। वहीं भिलाई नगर सीट से पूर्व विधायक प्रेमप्रकाश पाण्डेय की टिकट तय मानी जा रही है। दुर्ग सीट की बात करें तो भाजपा यहां से अभिनव प्रयोग कर सकती है। बताते हैं कि दुर्ग सीट के लिए प्रदेश के कई बड़े नेताओं ने पूर्व विधायक स्व. हेमचंद यादव के पुत्र जीत यादव के लिए तगड़ी लामबंदी कर रखी है। जीत, फिलहाल भाजयुमो के जिलाध्यक्ष हैं। वहीं वैशाली नगर से राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है।

### ऐसी भी चर्चा...

भाजपा में इस बात की भी चर्चा है कि पार्टी ने राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय को चुनाव लड़वाने का मन बना रखा है। हालांकि उनका नाम वैशाली नगर से लिया जा रहा है, लेकिन पार्टी उन्हें दुर्ग शहर सीट से भी उतार सकती है। इसी तरह दुर्ग ग्रामीण सीट पर माया बेलचंदन का नाम सबसे पहले है, लेकिन यहां से पूर्व मंत्री रमशिला साहू का नाम भी चर्चा में है। जानकार बताते हैं कि यहां महिला को ही प्रत्याशी बनाए जाने की तैयारी है। दुर्ग सीट पर जीत यादव का नाम अप्रत्याशित माना जा रहा है, लेकिन हेमचंद यादव के निधन के बाद भी जीत यादव को चुनाव लड़वाने की बातें हुई थी। उस वक्त उम्र कम होने की वजह से उनका नाम टिकट की दौड़ से बाहर हो गया था। भाजपा का दूसरा गुट जीत यादव के नाम को पता पाएगा, इसकी संभावना कम ही है।

### भाजपा में भी दावेदारों की भरमार

रविवार को जिले के विधानसभा क्षेत्रों का मूड भांपने के हिसाब से भाजपा के पर्यवेक्षक कार्यकर्ताओं से मिले तो शक्ति-प्रदर्शन की स्थितियां निर्मित हो गई। जबकि पर्यवेक्षक भेजने का पार्टी का आशय सिर्फ यही था कि कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर उनकी राय जानी जाए। भाजपा में इस बार प्रत्याशी चयन के लिए अलग पैमाने अपनाए गए है। पार्टी ने सीधे दिल्ली से सर्वे कराया, प्रादेशिक व स्थानीय नेताओं का मंतव्य जाना और इसके बाद पहली सूची जारी कर दी। इस पूरी प्रक्रिया में कहीं भी जमीनी कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं मिली। अब पार्टी को इस बात का डर सता रहा है कि दिल्ली से सीधे घोषणा करने से क्षेत्र में नाराजगी फैल सकती है और कार्यकर्ता घर बैठ सकते हैं। इसीलिए अब पर्यवेक्षक भेजकर कार्यकर्ताओं या स्थानीय नेताओं से रायशुमारी कर उन्हें एकजुटता का संदेश दिया जा रहा है। हालांकि जानकारों का मानना है कि भाजपा ने सभी 90 सीटों के लिए प्रत्याशी पहले ही तय कर रखे हैं। वर्तमान में अपनाई जा रही प्रक्रिया महज कार्यकर्ताओं से संवाद तक ही सीमित है।

### इनमें हो सकती है टक्कर!

| विधानसभा क्षेत्र | कांग्रेस | भाजपा |
|---|---|---|
| दुर्ग | अरुण वोरा | जीत यादव |
| भिलाई नगर | देवेन्द्र यादव | प्रेमप्रकाश पाण्डेय |
| दुर्ग ग्रामीण | ताम्रध्वज साहू | माया बेलचंदन |
| वैशाली नगर | -------- | सरोज पाण्डेय |
| पाटन | भूपेश बघेल | विजय बघेल |
| अहिवारा | रूद्रकुमार गुरू | डोमनलाल कोर्सेवाडा |

# आधी रात अधेड़ ने शिवनाथ नदी पुल से कूदकर दी जान, दूसरे दिन मिली लाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** पुलगांव थाना क्षेत्र में तहत शिवनाथ नदी के पुराने पुल से रविवार आधीरात अधेड़ व्यक्ति ने कूदकर जान दे दी। घटना की सूचना के बाद रात में अधेड़ की तलाश की गई लेकिन सफ्लता नहीं मिली। इसके बाद सोमवार को एसडीआरएफ की टीम ने दोबारा सर्च किया। सोमवार की सुबह करीब 10:10 बजे अधेड़ की लाश बाहर निकाली गई।



मृतक की पहचान कसारीडीह निवासी राकेश ठाकुर(50) के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात 10 बजे के करीब स्कूटर क्रमांक सीजी 07 बीएक्स 0214 से एक व्यक्ति शिवनाथ नदी के पुराने पुल के पास पहुंचा। यहां स्कूटी खड़ी कर नदी में छलांग लगा दी। आसपास के लोगों ने शोर मचाया और मौके मौजूद कुछ गोताखोरों ने उस व्यक्ति को बाहर निकालने का प्रयास किया। सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची लेकिन रात ज्यादा होने के कारण रेस्क्यू नहीं किया जा सका।

### दूसरे दिन मिली लाश

सोमवार की सुबह एसडीआरफ ने रेस्क्यू शुरू किया। लगभ दो घंटों की मशक्कत के बाद सुबह 10:10 बजे एसडीआरएफ व स्थानीय मछुवारों ने शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान कसारी डीह दुर्ग निवासी राकेश ठाकुर के रूप में की गई। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। पुलगांव पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस पूरी कार्रवाई में डीप डाइविंग एक्सपर्ट इंद्रपाल यादव एवं चंद्रप्रताप जंघेल ने सराहनीय काम किया। इस दौरान जिला सेनानी अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह, टीम प्रभारी धनीराम यादव सहायक प्रभारी ईश्वर खरे, राजू महानंद, थानेश्वर, भानुप्रताप, ओंकार, हेमराज, मोहन, नरोत्तम चंदेल, सूरज, राजेश यादव, दिलीप आदि मौजूद रहे।

# ईडी के बल पर चुनाव लड़ेगी भाजपा? ओम माथुर के बयान पर सीएम बघेल का पलटवार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** सीएम भूपेश बघेल ने रायपुर पुलिस लाइन हेलीपैड पर मीडिया से चर्चा में कहा कि कल सरगुजा में भाजपा के प्रभारी ओम माथुर ने ईडी की कार्रवाई पर कहा अभी चुनाव आते तक देखिए क्या-क्या होता है। भाजपा प्रभारी का यह बयान यह साबित करने के लिए काफी है कि भाजपा ईडी के बलबूते चुनाव लड़ेगी? ईडी की कार्रवाई चुनाव को देखकर हो रही है। एक विभाग में गड़बड़ी नहीं पकड़ पाते दूसरे में लग जाते हैं। कोल, आबकारी, माइनिंग डीएमएफ चावल अब सुना है। जल जीवन मिशन बिना किसी ठोस आधार के राज्य सरकार के सभी विभागों पर कार्यवाही यह साबित करने के लिए छत्तीसगढ़ में हर जगह गड़बड़ी हैं यह चुनावी हथियार है इसको हम जनता के बीच लेकर जाएंगे।

छत्तीसगढ़ में पिछले एक वर्ष में ईडी और आईटी अधिकारियों ने 200 से भी अधिक व्यक्तियों/संस्थाओं और शासकीय कार्यालयों में छापेमारी की गई है। ईडी के अधिकारियों ने दमन और प्रताड़ना को हथियार बनाकर बिना चल-अचल संपत्ति की रिकवरी के झूठे ब्यानों के आधार पर सैकड़ों करोड़ के कथित कोयला घोटाला, शराब घोटाला, चावल घोटाला तथा अब महादेव एप्स घोटाला होने का दुष्प्रचार किया जा रहा है।

## 21वीं सदी के भारत में बस यही एक भगवान

श्रीकंचनपथ न्यूज




धरती पर अगर कहीं स्वर्ग है तो वह भारत में है। समग्र दृष्टि से देखा जाए तो नदी-नालों, पर्वत-टीलों, जंगल, खेत और घास मैदानों से परिपूर्ण इस धरती पर लोगों ने स्वर्ग का जीवन ही जिया है। यह न केवल हजारों प्रजातियों के जीव-जंतुओं का घर है बल्कि वनस्पतियों की भी सैकड़ों किस्में यहां उपलब्ध है जो जीवनधारण से लेकर औषधि और पथ्य तक के काम आती हैं। यही वजह है कि भारत भूमि में पैदा हुए लोगों को जीवन संघर्ष में नहीं उलझना पड़ा और वे खगोलशास्त्र, चिकित्सा विज्ञान से लेकर समाज शास्त्र और मनोविज्ञान जैसे विषयों पर भी शोध करने में सफल रहे। भारत को देवभूमि भी कहा गया है। पर अब भगवानों की भी छंटनी शुरू हो गई है। देश में केवल तीन ही ईमानदार बचे हैं, बाकी सब-के-सब चोर हैं। यह हम नहीं कह रहे, लोगों ने यह सर्टिफिकेट खुद ही अपने-आप को दिया है। देश में एक ही व्यक्ति है जो चोर-उचक्कों की नकेल कस सकता है। जिस तरह सभी देवी-देवताओं ने मिलकर मां दुर्गा की रचना की थी, उसी तरह कारपोरेट सरकार ने एक व्यक्ति को सर्वशक्तिमान बना दिया है। इस आदमी के सर्विस एक्सटेंशन को देश की सर्वोच्च न्यायालय ने भी अवैध ठहराया है। बावजूद इसके कोर्ट ने 15 सितम्बर तक इस आदमी को पद पर केवल इसलिए बने रहने दिया ताकि वह विपक्षी राज्यों में फैलाए गए रायते को समेट सके या फिर उसका चार्ज किसी दूसरे योग्य व्यक्ति को सौंप सके। पर दूसरा योग्य व्यक्ति है कहां? इसलिए कारपोरेट सरकार अब इस गुणाभाग में लगी है कि कैसे इस आदमी को बनाए रखा जा सकता है। खबर है कि देश में एक नए पद का सृजन किया जा रहा है जिसे चीफ इनवेस्टिगेटिंग ऑफिसर ऑफ इंडिया या सीआईओ कहा जाएगा। सीआईओ देश की दो प्रमुख जांच एजेंसियों का नेतृत्व करेगा। ये एजेंसियां है ईडी और सीबीआई। सीआईओ सीधे पीएमओ को रिपोर्ट करेगा। इस पद पर देश के इसी एकमात्र ईमानदार व्यक्ति की नियुक्ति की जाएगी। वैसे इस पद का नाम चीफइनवेस्टिगेटिंग एजेंसी (सीआईए) ही होता पर क्या करें, अमेरिका का सीआईए (सेन्ट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी) काफी बदनाम रहा है। वैसे सीआईए किसी राजनीतिक दल नहीं बल्कि अमेरिका के हित में ही काम करता है। पर यहां तो इस एजेंसी को सरकार की रोड ओपनिंग पार्टी की जिम्मेदारी निभानी है। जहां-जहां विपक्ष की सरकार होगी, वहां-वहां इसे भेजा जाएगा। वह सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करेगा। किसी को जेल भेजेगा तो किसी को कारपोरेट पार्टी की छत्रछाया में लाने की कोशिश करेगा। बहाना है कि सीबीआई और ईडी का कार्यक्षेत्र एक-दूसरे में गुत्थमगुत्था है इसलिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफया नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर की तर्ज पर सीआईओ की जरूरत है। किया तो यह भी जा सकता था कि सीबीआई का ईडी में विलय कर दिया जाता पर फिर इस एक ईमानदार आदमी को एडजस्ट कैसे किया जाता?




## संपादकीय

# अब सूर्य की ओर

जब संसार चंद्रयान-3 की चर्चा में लगा है, तब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिक अपने आदित्य अभियान को अंतिम रूप देने में लग गए हैं। सबकुछ ठीक रहा, तो इसरो सूर्य का अध्ययन करने के लिए 2 सितंबर को आदित्य-एल1 का प्रक्षेपण कर देगा। यह भारत की ओर से किया जा रहा पहला सूर्य अभियान है और इसके द्वारा भारत सूर्य के अध्ययन को आगे बढ़ाएगा। लगातार चमकने वाला सूर्य, जहां ऊर्जा के लिए निरंतर विस्फोट होते रहते हैं, हमेशा से रहस्य का विषय रहा है। यह बड़ी परियोजना सूर्य की गतिशीलता और उसके पास के मौसम की समझ में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। सूर्य का एक नाम आदित्य भी है, अत: इस नाम का अभियान या यान सबके आकर्षण का केंद्र बने, तो कोई आश्चर्य नहीं। यह अभियान दुनिया में एक भारतीय शब्द का प्रचार और भारत के अंतरिक्ष अभियान के स्वदेशी होने की मुनादी भी करेगा। योजना के अनुसार, यह यान कुल 125 दिन में सूर्य के पास की कक्षा में पहुंच जाएगा। सूर्य के एकदम निकट जाने के बारे में तो कोई सोच नहीं सकता, पर सूर्य के पास एक सुरक्षित कक्षा है, जहां पहुंचकर कोई यान परिक्रमा करते हुए सूर्य को देख-परख सकता है। सूर्य के करीब की यह सुरक्षित कक्षा पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यह आदित्य अंतरिक्ष यान सात उन्नत उपयोगी उपकरणों से सुसज्जित है, जो सूर्य की विभिन्न परतों, प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर से लेकर सबसे बाहरी परत, कोरोना तक की जांच करने के लिए तैयार किए गए हैं। इरादा यह है कि सूर्य के पास घटित होने वाली तमाम गतिविधियों का डाटा एकत्र किया जाए, ताकि सूर्य की कुल क्रिया-प्रतिक्रिया को समझा जा सके। हम तेज सूर्य से आंख नहीं मिला पाते हैं, पर भारत का आदित्य यान सूर्य से सीधे आंख मिलाने में सक्षम है। इसमें लगे चार उपकरण तो केवल सूर्य को देखने का काम करेंगे, मतलब, इस अभियान का मूल लक्ष्य सूर्य को करीब से देखना है। सूर्य में भारत की दिलचस्पी को स्वाभाविक ही समझा जा सकता है। भारत एक ऐसा देश है, जहां सूर्य को देवता मानकर पूजने वाले, पर्व-उपवास करने वाले लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। भारत में हर सुबह सूर्य नमस्कार और सूर्य को जल अर्पण दिनचर्या में शामिल है। भारतीय पौराणिक कथाओं में सूर्य एक चरित्र या किरदार के रूप में पुरजोर उपस्थित है। कोई आश्चर्य नहीं, भारतीय ज्यादा श्रद्धाभाव से सूर्य का अध्ययन कर सकेंगे। अभी तक अमेरिका, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी और जर्मनी ने ही सूर्य के अध्ययन के लिए अभियान चलाया है। ऐसे करीब बीस अभियान चले हैं और जिनमें से दो-तीन अभियान ही विफल रहे हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा एक ऐसा सूर्य अभियान चला चुकी है, जिसमें सूर्य तक पहुंचकर यान को फिर पृथ्वी पर लौटना था। बताया जाता है कि वह यान सूर्य के पास की हवा व कणों के साथ लौट रहा था, पर पृथ्वी पर आक्रामक ढंग से उतरने के चलते कुछ खास तत्व हाथ नहीं लगा। अत: यह आज भी बहुत बड़ी वैज्ञानिक चुनौती है कि सूर्य के पास मौजूद कणों को कैसे पृथ्वी पर लाकर अध्ययन किया जाए? यह संभव है कि आने वाले वर्षों में इसरो ऐसा करने में सफल हो जाए। यह भारतीय विज्ञान के लिए बहुत गर्व की बात है कि आज मंगल और शुक्र पर जाने में भी इसरो सक्षम है। आदित्य यान की सफलता इसरो की ख्याति में चार चांद लगा देगी।

> “ हम तेज सूर्य से आंख नहीं मिला पाते हैं, पर भारत का आदित्य यान सूर्य से सीधे आंख मिलाने में सक्षम है। इसमें लगे चार उपकरण तो केवल सूर्य को देखने का काम करेंगे, मतलब, इस अभियान का मूल लक्ष्य सूर्य को करीब से देखना है। सूर्य में भारत की दिलचस्पी को स्वाभाविक ही समझा जा सकता है।

## कूटनीति भी है चुनाव का औजार

पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी को कूटनीति का चस्का रहा है। सारे प्रधानमंत्री घरेलू नीतियों के साथ साथ विदेश नीति को भी साधने और दुनिया में अपना नाम बनाने का प्रयास करते रहे हैं। इसके हवाले फिर चाहे नेहरू हों या वाजपेयी और मनमोहन सिंह या मोदी सबने किसी न किसी रूप में कूटनीति का राजनीतिक और चुनावी इस्तेमाल भी किया है। वाजपेयी की लाहौर की बस यात्रा रही हो या मनमोहनसिंह की परमाणु संधि इन सबका चुनाव में इस्तेमाल हुआ और पार्टियों को फायदा मिला। अब नरेंद्र मोदी कूटनीति का राजनीतिक इस्तेमाल कर रहे हैं। उनका हर विदेश दौरा एक मैसेज लिए होता है। मिसाल के तौर पर वे दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स देशों का सम्मेलन अटेंड करने के बाद यूनान गए तो प्रचार का सारा फोकस इस बात पर रहा कि 40 साल के बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूनान गया है और यूनान वह देश है, जो तुर्किये का विरोधी है और तुर्किये वह देश है, जिसने कश्मीर पर पाकिस्तान का साथ दिया था। सो, यूनान को ब्रह्मोस देने की बात भी भारत और पाकिस्तान के संबंधों और कश्मीर के साथ जुड़ गए। इस किस्म के नैरेटिव भारतीय मीडिया में हर विदेश यात्रा में बनते हैं।

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में प्रधानमंत्री ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होने सर्वानुमति में ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन किया। इससे ठीक पहले प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने 10वें भाषण में कहा था कि जिस तरह से दूसरे महायुद्ध के बाद एक नई विश्व व्यवस्था बनी थी उसी तरह कोरोना के बाद एक नया वर्ल्ड ऑर्डर बन रहा है, जिसमें भारत का स्थान प्रमुख है। ब्रिक्स सम्मेलन से पहले से ही प्रचार था कि ग्लोबल साउथ के देश भारत को अपना नेता मान रहे हैं। जोहान्सबर्ग में प्रधानमंत्री ने जो बातें कहीं वह उसी लाइन पर थी। उन्होंने भारत को विश्व का ग्रोथ इंजन बताया। ब्रिक्स के विस्तार पर सहमति जताई और नए सदस्य देशों को भारत का पुराना दोस्त बताया। इस तरह ब्रिक्स की कूटनीति का जो मैसेज बना वह यह था कि अमेरिका और यूरोप के संगठनों के बरक्स एक नया संगठन बन रहा है, जिसका नेतृत्व भारत कर रहा है।

## मायावती अकेले लड़ेगी चुनाव?

बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती ने बहुत बड़ा ऐलान किया। उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों की बैठक की और कहा कि बसपा इस बार अकेले चुनाव लड़ेगी। इसके बाद उन्होंने जो कहा वह राजनीतिक रूप से बहुत अहम है, हालांकि तथ्यात्मक रूप से उसका कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि बसपा जब भी किसी के साथ तालमेल करके लड़ती है तो बसपा का वोट सहयोगी पार्टी को ट्रांसफर हो जाता है लेकिन सहयोगी पार्टियां अपना वोट बसपा उम्मीदवारों को नहीं दिला पाती हैं। इसलिए इस बार पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी।

हालांकि उनकी यह बात तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। सबको पता है कि पिछले लोकसभा चुनाव में इसका उलटा हुआ था। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने साथ मिल कर चुनाव लड़ा था, जिसमें सपा का वोट बसपा को मिल गया था लेकिन बसपा का वोट सपा को ट्रांसफर नहीं हुआ। इसका नतीजा यह हुआ है कि बसपा की सीटें जीरो से बढ़ कर 10 हो गईं और सपा पांच पर ही अटकी रही। असल में मायावती ने 2014 में लोकसभा का चुनाव अकेले लड़ा था तो उनको एक भी सीट नहीं मिली थी, जबकि सपा ने अकेले लड़ कर पांच सीटें जीतीं। अगली बार यानी 2019 में सपा और बसपा साथ लड़े तो मायावती को 10 सीटें मिलीं। यह इसलिए हो पाया था क्योंकि सपा का यादव और मुस्लिम वोट मायावती से जुडा लेकिन मायावती का दलित वोट सपा के साथ जाने की बजाय भाजपा के साथ चला गया। तभी मायावती को साढ़े 19 फीसदी और अखिलेश यादव को सिर्फ 18 फीसदी वोट मिले।

> “ राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना चीजें किस तरह से होती हैं, इसे हम पिछले कुछ समय में देख चुके हैं। कुछ समय पहले ढोल-बाजे के साथ देश में एक अभियान शुरू हुआ था 'सिंगल यूज प्लास्टिक' के खिलाफ कुछ दिनों तक पुलिस और तमाम सरकारी एजेंसियों ने इसे लेकर सख्ती भी दिखाई। दुकानों और ठेल-खोमचे वालों के यहां छापे मारकर पॉलीथिन के थैले जब्त भी किए गए।

# राजनीति से नदारद है मौसम का मुद्दा

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

सिर्फ दो महीनों में सदियों की धारणाएं भरमरा गईं। यह माना जाता रहा है कि मानसून जब बरसता है, तो किसान, खेत-खलिहान ही नहीं, अर्थव्यवस्था के चेहरे भी खिल उठते हैं। मगर इस बार जुलाई-अगस्त में जैसी दहलाने वाली खबरें आई हैं, उतनी शायद पहले कभी नहीं आईं। मानसून ज्यादा बरस जाए, तो अक्सर बाढ़ आती थी, जो कुछ दिनों की परेशानी के बाद खेतों को अधिक उपजाऊ बनाकर लौट जाती थी। लेकिन इस बार जिस तरह से पहाड़ दरके हैं और चोटियों के पास बादल फटे हैं, उसने पूरे देश को ही दहला दिया है। और यह उस साल हुआ है, जब कहा जा रहा था कि इस बार मानसून थोड़ा कमजोर रहेगा।

यह सब सिर्फ भारत में नहीं हुआ, दुनिया भर में हो रहा है। इस बार की जुलाई मानव इतिहास की सबसे गरम जुलाई के तौर पर दर्ज हो गई है। चीन के सानबाओ में 16 जुलाई को अधिकतम तापमान था 52.2 डिग्री सेल्शियस। यह चीन के लिए अधिकतम तापमान का एक रिकॉर्ड है। अगस्त में ग्रीस और कनाडा के जंगलों में भीषण आग लगने की खबरें आ रही हैं। जिसे हम मौसम की अति कहते हैं, उसकी घटनाएं इतनी तेजी से बढ़ी हैं कि हाल-फिलहाल तक वैज्ञानिक भी उसकी कल्पना नहीं कर सके थे। अब कहा जा रहा है कि हमने जितना सोचा था, पर्यावरण में बदलाव उससे कहीं तेजी से हो रहा है। कोई नहीं जानता कि दुनिया इससे कैसे निपटेगी!

विश्व स्तर पर कई प्रयास हुए हैं- क्योटो प्रोटोकॉल से लेकर 'इंटर-गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज' तक। यह भी तय हुआ है कि पर्यावरण का तापमान बढ़ाने वाली ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कितना रोकना है। यह लक्ष्य भी निर्धारित हुआ कि धरती के बढ़ते तापमान को कहां तक ले जाना है। तमाम बहस-मुबाहिसों के बाद दुनिया भर की सरकारों ने अपने-अपने वादे भी किए, लेकिन ये सारी कवायदें भी धरती पर धूल-धुएं और ताप को बढ़ने नहीं रोक पाईं।

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर किए गए इस तरह के वादे अक्सर राष्ट्रीय फलक पर पहुंचने से पहले ही अपनी ऊर्जा खो देते हैं और किसी संकल्प शक्ति में नहीं बदलते। वे नौकरशाही के हवाले हो जाते हैं, जिनको फिर पर्यावरण दिवस पर अपनी पीठ थपथपाने के लिए याद किया जाता है। ऐसे वादे तभी पूरे हो सकते हैं, जब उन्हें लागू करने के लिए नीतियां बनाई जाएं और देश के भीतर उन्हें लागू करने के लिए एक निरंतर राजनीतिक दबाव हो। ऐसे दबाव ही उस राजनीतिक इच्छाशक्ति को पैदा करते हैं, जिससे हम कोई उम्मीद बांध सकें।



राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना चीजें किस तरह से होती हैं, इसे हम पिछले कुछ समय में देख चुके हैं। कुछ समय पहले ढोल-बाजे के साथ देश में एक अभियान शुरू हुआ था 'सिंगल यूज प्लास्टिक' के खिलाफ कुछ दिनों तक पुलिस और तमाम सरकारी एजेंसियों ने इसे लेकर सख्ती भी दिखाई। दुकानों और ठेल-खोमचे वालों के यहां छापे मारकर पॉलीथिन के थैले जब्त भी किए गए। इन्हें नष्ट किया जाने लगा। उस वक्त तो लगा कि बाजार अब इन प्लास्टिक थैलों से पूरी तरह मुक्त हो जाएंगे। लेकिन यह सब ज्यादा दिन नहीं चला। पॉलीथिन के थैले पहले जैसे बाजार में लौट आए। साथ ही वे खतरे भी, जिनसे मुक्त होने की कोशिश में यह अभियान चलाया गया था।

पर्यावरण के सवालों पर राजनीतिक इच्छाशक्ति न होने का यह सवाल भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लोकतंत्रों को परेशान कर रहा है। जलवायु परिवर्तन से लगातार बढ़ रही मौसम की अति लोगों की जान ले रही है, अरबों की संपत्ति नष्ट कर रही है, कहीं बस्तियों को बहा रही है, तो कहीं जंगलों को जला रही है, वह जैव-विविधता लगातार खत्म हो रही है, जो कई तरह से मानव सभ्यता के जीने का आधार है। इसके बावजूद यह मुद्दा राजनीतिक दलों को अपील नहीं कर रहा। जैसे भारत के राजनीतिक दल पर्यावरण की बात को अपने चुनाव घोषणपत्र के किसी कोने में थोड़ी सी जगह दे देते हैं, वैसे ही दुनिया के तमाम राजनीतिक दल इसे लेकर औपचारिकता निभाते दिखते हैं। राजनीति में नीतियां तभी ठीक से बनती और जमीन पर उतरती हैं, जब किसी मुद्दे को लेकर राजनीतिक दलों में आपसी स्पर्द्धा होने लगे। लेकिन पर्यावरण के मसले पर इसका उल्टा होता ही दिख रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप जब अमेरिका के राष्ट्रपति थे, उन्होंने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को एक छलावा बता दिया था। उनकी नजर में यह सिर्फ प्रलय के भविष्यवक्ताओं का दिमागी फितूर है। ट्रंप अब राष्ट्रपति नहीं हैं, लेकिन अमेरिका में उनकी लोकप्रियता अभी भी काफी ज्यादा है और उनके दोबारा राष्ट्रपति बनने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसा हुआ, तो शायद पर्यावरण बचाने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का एक बार फिर पटरी से उतर जाना तय हो जाएगा।

जलवायु परिवर्तन के सारे मसले दुनिया भर में मुख्यधारा की राजनीति से अलग हैं। यूरोप में कुछ दशक पहले पर्यावरण को बचाने के मकसद से एक ग्रीन पार्टी शुरू हुई थी। इसे कुछ शुरुआती राजनीतिक सफलताएं भी मिली थीं, जिससे उत्साहित होकर दुनिया के कुछ अन्य देशों में ऐसी पार्टियां बनाई गईं। लेकिन ये मुख्यधारा की पार्टी कभी न बन पाईं और राजनीति के हाशिये पर ही रह गईं। दरअसल, पर्यावरण का मुद्दा अभी भी हाशिये के संगठनों और एनजीओ वगैरह के ही हवाले है। इसे एक ऐसा मसला मान लिया गया है, जिस पर लोग वोट नहीं देते। पूरी मानव सभ्यता पर छाया संकट लोगों के मतदान में कोई भूमिका नहीं निभा रहा, इस पर राजनीति और समाजशास्त्र के माहिर लोगों को सिर खपाने की जरूरत है।

पिछले महीने हमने देखा कि हिमाचल प्रदेश के कसोल शहर का एक हिस्सा पार्वती नदी के उफान में बह गया और वहां की अर्थव्यवस्था अभी तक ठप है। अभी कुछ ही दिन पहले प्रदेश की राजधानी शिमला के कृष्णा नगर में जिस तरह एक के बाद एक कई घर ताश के पत्तों की तरह गिरे, उसके वीडियो पूरी दुनिया देख चुकी है। कुछ महीने बाद ही आम चुनाव हैं और जब राजनीतिक दल चुनाव प्रचार के लिए इन इलाकों में जाएंगे, तो वहां के लोग उनसे अपने भविष्य को लेकर क्या सवाल करेंगे? क्या इन लोगों को अपनी वह आपबीती याद आएगी? हालांकि, त्रासदी के वीडियो पर दांतों तले उंगली दबाने वाले बिहार, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के मतदाता जब इस चिंता को अपना मानने लगेंगे, पर्यावरण में सुधार शायद तभी शुरू होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# इंटरनेट की असीम दुनिया में कैसे बचे बच्चों की निजता

निखिल अय्यर, जननीति विश्लेषक

डाटा संरक्षण कानून को लेकर करीब दशक भर से चल रही देशव्यापी चर्चा के बाद भारतीय संसद ने अंतत: डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक, 2023 पारित कर दिया। यह तीसरा मौका था, विधेयक के पिछले दो मसौदे 2019 और 2022 में जारी किए गए थे। हालांकि, किसी मसौदे में बच्चों की निजता की रक्षा को लेकर नजरिया स्पष्ट नहीं दिखा। संक्षेप में कहें, तो नए कानून में ऑनलाइन सेवाओं के लिए सहमति की उम्र 18 साल तय की गई है। आप यदि इससे कम उम्र के हैं, तो ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को माता-पिता की सहमति लेनी होगी, अन्यथा उस पर 200 करोड़ रुपये तक का भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। हालांकि, माता-पिता की सहमति के बाद कोई बच्चा जब इंटरनेट का इस्तेमाल करेगा, तो प्लेटफॉर्म को उस बच्चे के उपभोग संबंधी व्यवहार पर नजर रखने की मनाही होगी। मुश्किल यहीं खड़ी होती है। आखिर कोई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म किसी बच्चे के इंटरनेट-व्यवहार पर नजर रखे बिना उसे हानिकारक या गैर-कानूनी सामग्रियों के



संपर्क में आने से कैसे रोक सकता है? अगर बच्चा खुद को जख्मी करने या अन्य खतरों की ओर आकर्षित हो रहा है, तो प्लेटफॉर्म कैसे माता-पिता या कानून लागू करने वाली एजेंसियों को सूचना देने जैसे एहतियाती कदम उठा सकेगा?

यह कानून सत्यापन के लिए माता-पिता की सहमति को अंतिम समाधान के रूप में देखता है। यह सोच तब है, जब राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि 40 फीसदी से कम भारतीय डिजिटल रूप से साक्षर हैं। ऐसे में, संभव है कि बच्चे अपने माता-पिता की जानकारी के बिना उनके फोन या ई-मेल का उपयोग करके सहमति दे दें। इतना ही नहीं, कुछ ऑनलाइन मंचों के लिए माता-पिता की सहमति जैसे नियम अनिवार्य नहीं हैं, और यह छूट 'शिक्षा, कौशल, म्यूजिक वेबसाइट जैसे मंचों को मिल सकती है, जो सभी प्रकार की सावधानियां बरतती हैं' और 'जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म नहीं हैं'। मगर इसमें भी पेच है। पहली बात यह कि नियम डाटा न्यूनीकरण सिद्धांत (प्लेटफॉर्म को तभी तक डाटा रखना चाहिए, जब तक उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए आवश्यक हो) के विपरीत जान पड़ता है। मगर यहां तो यही स्पष्ट नहीं है कि माता-पिता की आईडी लेने से कैसे इंटरनेट इस्तेमाल करते समय बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। प्लेटफॉर्म द्वारा 'सत्यापन से छूट' संबंधी सर्टिफिकेट हासिल करने के क्रम में यह कानून बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में लालफीताशाही बढ़ा सकता है। इसमें यह भी साफ नहीं है कि अपनी सेवाओं को बच्चों के लिए अधिक मूल्यवान बनाने संबंधी हर बदलाव के लिए क्या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को सरकारी अधिकारियों के पास आवेदन करना होगा?

इसके अलावा, ऑनलाइन मंचों की कुछ खास श्रेणियों को अलग करने का औचित्य भी फिलहाल समझ नहीं आता। आज किसी भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उद्देश्य पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। जैसे, यू-ट्यूब तकनीकी शिक्षा देने वाला शायद दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म है, पर सरकार इसे सोशल मीडिया के रूप में वगीकृत कर सकती है। इस तरह, यह कानून उन संस्थाओं के बीच विभेद नहीं कर पाएगा, जो बच्चों के डाटा को प्रोसेस करते समय समान रूप से मजबूत सुरक्षा तो दे सकती हैं, लेकिन किसी अन्य कारणों से उसने या तो अपने दरवाजे खुद बंद कर रखे हैं या सुरक्षित होने संबंधी सत्यापन सर्टिफिकेट नहीं लिया है। इसका नुकसान भी अंतत: देश के युवा इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को होगा।

ऐसे में, बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन द्वारा स्वीकृत मानकों के तहत कदम उठाए जा सकते थे, जिस पर भारत ने भी हस्ताक्षर किए हैं। डिफॉल्ट सेटिंग, लोकेशन की निगरानी, जोखिम संबंधी बातों के प्रति जागरूकता, डाटा के घातक उपयोग संबंधी निर्देश जारी करने जैसे प्रयासों के लिए प्लेटफॉर्म को तैयार करना होगा। फिर, सरकार भी नियमों का उल्लंघन करने वाले प्लेटफॉर्म को काली सूची में डालने को स्वतंत्र है। निस्संदेह, इंटरनेट की दुनिया में बच्चों की निजता एक वैश्विक बहस है, जिसका उत्तर आसान नहीं। मगर हमने इस मुद्दे पर जो रुख अपनाया है, वह न तो देश की हकीकत के अनुकूल है और न इंटरनेट की चुनौतियों के।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# सफल उद्यमी बनने का सपना साकार कर रही है रीपा योजना

मनोज सिंह, सहायक संचालक

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए रोजगार और आय के साधन उपलब्ध कराने के लिए गांव के गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है जहां विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। योजना के तहत प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखण्ड में दो गौठानों का चयन किया गया है।



ग्रामीण आजीविका पार्क में ग्रामीणों को आजीविका संवर्धन के लिए शासन की ओर से मूलभूत सुविधाएं, आधारभूत संचरना जैसे आंतरिक सड़क, विद्युत, जल एवं नाली व्यवस्था, वर्कशेड, भण्डारण, प्रशिक्षण, मार्केटिंग सपोर्ट, तकनीकी मार्गदर्शन इत्यादि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना में इच्छुक स्थानीय युवाओं, स्व-सहायता समूहों का चिन्हांकन कर उद्यमियों को बिजनेस प्लान के आधार पर मशीनरी तथा बैंक से ऋण, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्रतानुसार अनुदान, सब्सिडी अथवा शून्य ब्याज दर पर ऋण लेने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है जिससे गौठानों में स्थापित ग्रामीण औद्योगिक केन्द्रों में काम करने वाले ग्रामीण युवा उद्यमियों के सपनों को एक नया आयाम मिल रहा है।

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना ''रीपा'' से न केवल ग्रामीणों के जीवन में परिवर्तन आया है बल्कि उनके सफल उद्यमी बनने के सपनों भी साकार हो रहे हैं। केवल खेती-किसानी और मजदूरी तक सीमित रहने वाले किसानों को रीपा योजना से जोड़कर उद्यमियता को बढ़ावा दिया जा रहा है। रीपा योजना के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नये-नये व्यवसाय की जानकारियां लेकर इनकी बारीकियां सीख रहे है।

इसी क्रम में बिलासपुर जिले के मस्तूरी ब्लॉक के बेलटुकरी रीपा केंद्र में बिहारी लाल और राजू सिदार के द्वारा फेब्रिकेशन वेल्डिंग इकाई का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। जिससे जुड़कर ग्रामीण युवा आमदनी का एक अच्छा हिस्सा प्राप्त कर रहे है। रीपा योजना के तहत उद्यमियता को बढ़ावा मिलने के साथ ही युवाओं को रोजगार का एक जरिया मिल गया है। फेब्रिकेशन वेल्डिंग इकाई से इन उद्यमियों के द्वारा सात महीने में 12 लाख 44 हजार रुपये का आय अर्जित किया गया, जिससे उन्हें 2 लाख 60 हजार रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। वर्तमान में इन्हें खिड़की, दरवाजा, ट्रैश, जाली, शटर एवं पंचायत इत्यादि कार्य के आर्डर भी प्राप्त हुए है। जिससे इनके आय में 3 लाख रुपये की और बढ़ोतरी होगी। इस प्रकार रीपा योजना से जुड़कर ये उद्यमी सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं एवं आर्थिक रूप से सशक्त होकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे है। शासन की इस कल्याणकारी योजना से जुड़कर एक सफल उद्यमी बनने का इनका सपना साकार हुआ है।

## कोई नई पार्टी नहीं जुड़ रही है इंडिया में

विपक्षी पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' की अगली बैठक मुंबई में 31 अगस्त और एक सितंबर के हो रही है। कांग्रेस, शिव सेना का उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी का शरद पवार गुट इस बैठक की तैयारियों में जुटा है। उद्धव, शरद पवार और अशोक चव्हाण ने तैयारियों को लेकर बैठक की है। अभी तक की जानकारी के हिसाब से कोई नई पार्टी इस बार नहीं जुड़ रही है। ध्यान रहे बेंगलुरू में हुई दूसरी बैठक में 10 से ज्यादा नई पार्टियां शामिल हुई थीं। पटना की पहली बैठक में 17 पार्टियों को बुलाया गया था, जिसमें से 15 पार्टियों के नेता शामिल हुए थे। बेंगलुरू में यह संख्या बढ़ कर 26 हो गई। उसके बाद से अंदाजा लगाया जा रहा था कि विपक्षी गठबंधन की अगली बैठक तक सहयोगी पार्टियों की संख्या में कुछ इजाफा हो सकता है। लेकिन अभी तक किसी नई पार्टी के जुड़ने की खबर नहीं है।

गौरतलब है कि पिछले महीने 18 जुलाई को विपक्षी गठबंधन की बैठक के दिन ही दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की बैठक हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक की अध्यक्षता की थी। उसमें 38 पार्टियों ने हिस्सा लिया था। हालांकि ज्यादातर पार्टियां बहुत छोटी थी और उनके नेताओं की पहचान अपने चुनाव क्षेत्र से बाहर नहीं थी। लेकिन भाजपा ने यह मैसेज बनवाया था कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' से बड़ा उसका कुनबा है। बाद में प्रधानमंत्री मोदी एनडीए के सभी घटक दलों के सांसदों से मिले और भाजपा ने सभी घटक दलों के प्रवक्ताओं का प्रशिक्षण भी कराया। तभी कहा जा रहा था कि कांग्रेस और उसके सहयोगी भी कुछ छोटी पार्टियों को जोड़ेंगे। जैसे बिहार से पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी को बुलाए जाने की चर्चा थी। उन्होंने बेंगलूरू में नहीं बुलाए जाने पर नाराजगी भी जताई थी। लेकिन लगता है कि उनके बारे में कोई फैसला नहीं हुआ है। पूर्वोत्तर से भी कोई पार्टी नहीं जुड़ रही है। उत्तर प्रदेश की कई छोटी पार्टियां पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ लडी थीं लेकिन इस बार सब भाजपा से तालमेल की संभावना देख रहे हैं। तभी कहा जा रहा है मुंबई में विपक्षी पार्टियों की बैठक में 26 पार्टियां हिस्सा लेंगी, जिनके करीब 80 नेता बैठक में शामिल होंगे।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### विशाल मतदान मानव श्रृंखला बनाकर किया जागरूक

**महासमुंद।** पूरे महासमुंद ज़िले में नगरीय क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाक़ों, साथ ही चौक-चौराहों कूल, कलेजों आदि में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे है । बुजुर्ग मतदाताओं के साथ नववधु और नये मतदाताओं का सम्मान भी किया जा रहा है। स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्रायें अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ अलग-अलग तरीक़े से हाथों में स्लोगन तख़्ती और नारे के साथ मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे है। लोगों को दिखाई और सुनाई भी दे रहा है। कि अब की बार शत- प्रतिशत मतदान । जिले के विभिन्न ग्राम छिन्दौली , जोरातराई ,गोंगल, सरेकेल, कुर्रूभांठा, रामपुर ,छिलपावन और छिन्दौली में मतदाताओं को ईवीएम और वीवीपेट मशीन का प्रदर्शन कर मतदान से सम्बंधित जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा हाट बाजार में जन सामान्य के बीच नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के तहत बसना के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रओ के द्वारा मतदान की विशाल मानव श्रृंखला बनाकर अगामी विधानसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक

**रायगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, रायगढ़ में सत्र 2023-24 के लिए कक्षा-6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 20 जनवरी 2024 को रायगढ़ जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थी संबंधित दस्तावेजों एवं निर्धारित प्रपत्र को पूर्णत: भरकर एवं प्रधानाध्यापक से प्रमाणित कराने के पश्चात समिति की वेबसाईट में 31 अगस्त 2023 ऑनलाईन आवेदन जमा कर सकते है। इसके लिए आवेदक रायगढ़ जिले का निवासी हो और जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। साथ ही कक्षा तीसरी एवं चौथी पूर्ण शैक्षणिक वर्ष प्रत्येक कक्षा मान्यता प्राप्त विद्यालय से उत्तीर्ण होना है। आवेदक की जन्म तिथि 1.5.2012 तथा 31.7.2014 (दोनों दिन शामिल)के मध्य होना चाहिए। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट में अवलोकन कर सकते है।

### साहू समाज महिला प्रकोष्ठ ने मनाया रक्षाबंधन महोत्सव

**धमतरी।** जिला साहू संघ धमतरी एवं तहसील शहर धमतरी, ग्रामीण धमतरी, कुरूद, मगरलोड, भखारा, नगरी साहू समाज के महिला उपाध्यक्ष व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में सामाजिक सद्भावना एवं समरसता को बढ़ावा देते हुए जनसुरक्षा व देश सेवा में समर्पित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कैंप थनौद अभनपुर में वीर जवानों की पूजा आरती तिलक लगा, मुंह मीठा कर रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित बहनों ने देशभक्ति एवं रक्षाबंधन संबंधित गीत गाते हुए वातावरण को खुशनुमा बना दिया। साहू समाज के बहनों को अपने बीच में प्रकार फौजी भाइयों में भी एक अलग उत्साह नजर आया द्य उनकी आंखें नम भी हो गई। जवानों ने बताया कि हमें रक्षाबंधन के अवसर पर घर जाने का मौका नहीं मिला लेकिन कैंम्प आकर हमारी सूनी कलाई में साहू समाज की बहनों ने रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन की खुशियों को दुगना कर दिया।

# सांझ एक शाम कार्यक्रम में ट्रांसजेडरों ने जीता दर्शकों का दिल

## छत्तीसगढ़ी, हिन्दी और क्लासिकल गीतों पर थिरके कलाकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। सांझ एक शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के तृतीय लिंग (ट्रांसजेंडर) कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस समूह के कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी, हिन्दी और क्लासिकल गीतों से मनोरंजक और दिल को छू देने वाली प्रस्तुतियां दी। दर्शकों ने ट्रांसजेंडरों की प्रतिभा को सराहा। कलाकारों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।




सांझ एक शाम तृतीय लिंग कलाकारों के नाम संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से तृतीय लिंग वर्ग के कलाकारों ने एक सुंदर शाम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत विगत वर्ष संस्कृति संचालक श्री विवेक आचार्य के मार्गदर्शन में की गई थी। छत्तीसगढ़ में किन्नर समाज की प्रतिभा को साँझ के मंच पर राष्ट्रीय स्तर पर प्राथमिकता मिल रही है। सांझ एक शाम कायर्क्रम की मुख्य अतिथि पूर्व महापौर रायगढ़ तृतीय लिंग समूह की मधु बाई थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने की। तृतीय समुदाय के कलाकारों को मौका देने के लिए आयोजित सांझ एक शाम कार्यक्रम के लिए तृतीय लिंग समूह की ओर से विद्या राजपूत ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में तृतीय लिंग समूह के कलाकारों ने उत्साह से हिस्सा लिया। जांजगीर चांपा से आए प्रतिमा ग्रुप के कलाकारों द्वारा मां काली वंदना एवं नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद स्वरागिनी ग्रुप के कलाकारों ने सुआगीत, कर्मा गीत, ददरिया व होली के गीतों में अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

रायपुर के युवराज बाघ एवं साथी द्वारा कत्थक में शिव वंदना की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ-साथ उन्होंने कत्थक तिहाई, परन और ठुमरी में अपने अंदाज से लोगों का दिल जीत लिया। दुर्ग के कांता एली महानंद ने क्लासिकल नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रतिमा डांस ग्रुप द्वारा किन्नर के जीवन पर आधारित आकर्षक एवं संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी ए.आई.जी. संजय सिंह, जनसंपर्क विभाग के संयुक्त संचालक आलोक देव, समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक नदीम काजी, उप संचालक संस्कृति एवं राजभाषा उमेश मिश्रा, आदिवासी कला परिषद के अध्यक्ष नवल शुक्ला, तृतीय लिंग समूह से विद्या राजपूत, वरिष्ठ फोटो ग्राफर दीपेन्द्र दीवान सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## वेस्ट-टू-वंडर से डेकोरेट हो रहे मकान सामग्री बनाकर कर रही है आमदनी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्वच्छता दीदीयों द्वारा वेस्ट-टू-वंडर के तहत डोर-टू-डोर कलेक्ट किए गये कचरा से साज-सज्जा और घरेलू उपयोग की सामग्री बनाकर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर रही है। लोगों के घर अब वेस्ट-टू-वंडर से स्वच्छता दीदियों द्वारा निर्मित साज-सज्जा की सामग्री से डेकोरेट होने लगी है। स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर-टू-डोर कलेक्ट की कचरा से उपयोगी और सजावटी वस्तुयें बनाई जा सकती है और अतिरिक्त आमदनी भी की जा सकती है। अगर यह हुनर देखना या सीखना है, तो आपको छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से तक़रीबन 75 किलोमीटर दूर बेमेतरा ज़िले के ब्लॉक बेरला आना पड़ेगा। ज़िले के नगर पंचायत बेरला में स्वच्छता दीदियाँ रोजाना डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कर रही है। इन दीदियों को कचरा कलेक्शन के दौरान प्राप्त कपड़े से वेस्ट टू वंडर के अतंर्गत घरेलू साज-सज्जा और उपयोगी सामग्री डोरमैट, परदा, कवर, मैट, थैला आदि बनाया जा रहा है। वे मांग अनुसार स्थानीय बाजार में स्टॉल लगाकर विक्रय भी कर रही है। इससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी हो रही है।

उल्लेखनीय है कि अधिकांश लोगों को घर में उपलब्ध कचरे से उपयोगी और सजावटी वस्तुओं को बनाने के बजाय उन्हें फेंकना उनके लिए सबसे सरल और अच्छा लगता है। घर पर रोजाना ढेर सारा कचरा पैदा होता है। जैसे फ्टे-पुराने कपड़े, नारियल के छिलके, पुराने अखबार, कांच के जार, प्लास्टिक की बोतलें और गत्ते के डिब्बे आदि। इन सभी का उपयोग रचनात्मक तरीके से आंतरिक सज्जा को सजाने के लिए भी किया जा सकता है। वेस्ट-आउट-ऑफ-वेस्ट का सीधा सा मतलब है कि ऐसी सामग्री से कुछ नया और आकर्षक बनाना जो किसी काम का न हो। पुराने से कुछ नया बनाना और पुनर्चक्रण किसी के कार्बन पदचिन्ह को कम करने का सबसे अच्छा तरीका है। कचरे से बने सामानों से कोई भी अपने घर को सजा सकता है।

# सेहत व पर्यावरण के लिए साइकिलिंग जरूरी: जयसिंह



श्रीकंचपनथ न्यूज

**कोरबा।** मारवाड़ी युवा मंच दर्री जमनीपाली द्वारा एनटीपीसी इंदिरा कांप्लेक्स में साइक्लोथॉन स्पर्धा का आयोजन रविवार को किया गया। इस स्पर्धा में एक हजार से अधिक स्कूली बच्चों के साथ युवाओं ने भागीदारी की। जिसका शुभारंभ राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने साइकिल चलाकर किया। उन्होंने इस आयोजन के लिए मारवाड़ी युवा मंच के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर व स्वच्छ पर्यावरण के लिए साइकिल का उपयोग प्रतिदिन करना जरुरी है।

सुबह व शाम सभी लोगों को साइकिलिंग करनी चाहिए। सामूहिक साइकिलिंग से सामूहिक जीवन को बल मिलता है और सामूहिक चर्चा से मस्तिष्क पुष्ट होता है। साइकिलिंग स्पर्धा के शुभारंभ मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एनटीपीसी कोरबा के जीएम एस मधु व एसपी सिंह उपस्थित रहे। इन्होंने भी साइकिलिंग कर युवाओं को इसके लिए प्रेरित किया। बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण व स्वास्थ्य के लिए बन रहे खतरे को कम करने के लिए साइकिलिंग को बेहतर माध्यम बताया।

साइकिलिंग के सफ्ल आयोजन में मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमीत अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक अजय अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन आशीष अग्रवाल, प्रांतीय सह संयोजक विकास अग्रवाल, दर्री जमनीपाली के संरक्षक मनोज अग्रवाल, अध्यक्ष राकेश गोयल, सचिव सैंपी अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक मधुर अग्रवाल, पारस अग्रवाल, मंच साथी नित्तुल अग्रवाल, अरुण केडिया, आशीष अग्रवाल, बालकिशन अग्रवाल, आशीष (बंटी) अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, सुलभ अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल आदि ने सहयोग किया। मंच को डीपीएस एनटीपीसी, आत्मानंद एनटीपीसी, शासकीय विद्यालय एनटीपीसी, केंद्रीय विद्यालय-2, केंद्रीय विद्यालय-4, सरस्वती शिशु मंदिर, बीकन, केपीएस एवं शारदा स्कूल के शिक्षकों एवं सभी बच्चों का योगदान मिला।

पहले भी 17,353 फीट की उंचाई पर फहराया छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का झंडा

# फिर आसमां छूने को तैयार पाटन के पर्वतारोही चमन, अब माउंट किलीमंजरो फतह की बारी

श्रीकंचपनथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिले के पाटन के चमन लाल कोसे ने पर्वतारोहण क्षेत्र में नया रिकॉर्ड कायम करने जा रहे है। तंजानिया देश मे स्थित अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलीमंजारो फ्तह करेंगे। पर्वतारोही चमन का अपने कैरियर में अंतर्राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत है। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने दिया आर्थिक सहयोग।

### अगले अभियान के लिए है तैयार

अगले महीने 15 सितंबर को रायपुर से इस अभियान के लिए निकलेंगे। चमन अफ्रीका महाद्वीप के सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (19,341 फिट / 5,895 मीटर) की ऊंची चोटी पर चढ़ाई करेंगे। जो कि महाद्वीपो के पहाड़ो की ऊँचाई की रैंकिंग में चौथा सबसे ऊंची चोटी है।

### अभियान का संक्षिप्त विवरण

चमन लाल कोसे माउंट किलिमंजारो पीक को 8-10 दिनों में फ्तह करेंगे। इस दौरान लगभग माइनस (-15 डिग्री) तापमान तक मे ट्रेकिंग के द्वारा लगभग 53 किलोमीटर दूरी तय करके पूरा करेंगे।

### ये रही अभियान की विशेषता

चमन लाल कोसे अल्पाइन टेक्निक क्लाइम्बिंग (अप्लाइन टेक्नीक क्लिम्बिंग) के साथ साथ विंटर एक्सपीडिशन (विंटर एंड पेडिशन) में एक्सपर्ट है। अल्पाइन टेक्निक से क्लाइम्बिंग यानी इस चढ़ाई में अमूमन 1-2 लोग ही होते हैं और अभियान को पूरा करते हैं। यह पर्वतारोहण के क्षेत्र में सबसे उच्चतम श्रेणी की विधा है। राष्ट्रीय स्तर पर विंटर एक्सपीडिशन करने वाले भी छत्तीसगढ़ के पहले व्यक्ति चमन लाल कोसे हैं। सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहाड़ों पर छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम पर्वतारोही राहुल गुप्ता 'माउंटेन मेन' ने वर्ष 2015 से एक्सपीडिशन करना शुरू किया था।

पहले भी शिखर पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का झंडा फ्हरा कर दिया था संदेश छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को एडवेंचर स्पोर्ट्स के जरिये बढ़ावा देने लिए चमन ने 17,353 फीट पर हिमाचल प्रदेश के माउंट फ्रेंडशिप पीक छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का झंडा फ्हराया था। इस अभियान के लिए चमन लाल कोसे ने अपने विधायक और प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल का आभार व्यक्त अपने तरीके से किया है। चमन ने सीएम भूपेश बघेल को समर्पित करते हुए सपाटनवालेकका का पोस्टर शिखर पर फ्हराया था। उन्होंने कहा कका के सहयोग के बिना पर्वतारोही बन पाना संभव नहीं था।

### कौन हैं पाटन के चमन

26 वर्षीय चमन लाल कोसे दुर्ग जिले के पाटन के निवासी हैं। चमन एक मध्यम वर्गीय परिवार के है। उनके पिता एक किसान हैं। साथ ही चमन वर्तमान समय में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर में समाजकार्य विभाग (स्स्ङ्ख) के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी हैं।

### यहां मिली ट्रेनिंग

पर्वतारोही चमन लाल कोसे ने सिक्किम के पर्वतारोहण संस्थान से माउंटेनियरिंग (पर्वतारोहण) और माउंट आबू, राजस्थान में स्थित स्वामी विवेकानंद इंस्टिट्यूट से रॉक क्लाइम्बिंग का कोर्स किया है। पर्वतारोहण जैसे साहसिक खेलों के क्षेत्र में पिछले 5 सालों का अनुभव रहा है। उन्होंने उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ के एडवेंचर स्पोर्ट्स बेस्ड कंपनी व संस्थान में भी काम सीखा है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का राजधानी प्रवास 31 को

## समारोह में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री भी उपस्थित रहेंगे

श्रीकंचपनथ न्यूज

रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के वार्षिक परियोजना सकारात्मक परिवर्तन वर्ष का छत्तीसगढ़ में शुभारम्भ करने राष्ट्रपति रायपुर आएंगी। इस अवसर पर 31 अगस्त को सुबह 11.50 बजे ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर रायपुर में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया है।



समारोह में राज्यपाल बिश्वभूषण हरिचन्दन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए रायपुर सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बतलाया कि समारोह में भाग लेने के लिए माउण्ट आबू से संस्थान के कार्यकारी सचिव ब्रह्माकुमार मृत्युजंय भाई रायपुर आएंगे। समारोह में इन्दौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, भिलाई केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, शिक्षाविद सेवा प्रभाग की एडीशनल डायरेक्टर बीके लीना दीदी, न्यायविद सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक बीके नथमल भाई भाग लेंगे।

सकारात्मक परिवर्तन से आशय एक ऐसे सामाजिक और आध्यात्मिक परिवर्तन से हे जो कि सभी के लिए लाभकारी सिद्ध हो। यही व्यक्ति निर्माण, राष्ट्र निर्माण और विश्व निर्माण की प्रक्रिया है। इस कार्य में हम सभी को अपना योगदान देना होगा। सकारात्मक सोच से ही समाज में बदलाव आएगा। समारोह में भाग लेने के लिए माननीय राष्ट्रपति के प्रोटोकाल के अनुसार हरेक प्रतिभागी को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। जिसके बाद उन्हें फोटो लगा हुआ प्रवेश पत्र दिया जाएगा। उस फोटोयुक्त प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड लाने पर ही उन्हें समारोह में प्रवेश की अनुमति होगी। यह प्रवेश पत्र केवल एक व्यक्ति के लिए मान्य होगा। समारोह में डेढ़ घण्टा पहले आना होगा। साथ में मोबाईल, बैग और ब्रीफ्केस लाने की अनुमति नहीं होगी।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



## खास खबर...

### सहायक शिक्षक एवं शिक्षक पद के लिये बीएड योग्यता के संबंध में आदेश जारी

**रायपुर।** युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा करने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने कुल 12489 पद वितिपित किये थे। व्याख्याता के 432 पदों पर भर्ती लगभग पूरी हो चुकी है। शिक्षक के 5772 पदों पर काउंसिलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य लगातार चल रहा है और लगभग 10 दिन में पूरा हो जायेगा। इन पदों पर बीएड योग्यता वाले अभ्यर्थी पात्र है तथा उनकी भर्ती लगातार की जा रही है। सहायक शिक्षक के 6285 पदों पर नियुक्ति के लिये काउंसिलिंग प्रारंभ जा चुकी है। छत्तीगसढ शासन व्दारा जारी विज्ञापन में सहायक शिक्षक के पदों पर भी बीएड को पात्र माना गया था, और उन्हें व्यापाम की परीक्षा में बैठने का अवसर भी दिया गया, परन्तु इसी बीच अचानक दिनांक 11 अगस्त को राजस्थान राज्य से संबंधित सिविल अपील क्र. 5068/2023 में सर्वोच्च न्यायालय ने बीएड को सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति के लिये अपात्र घोषित कर दिया। इसके तत्काल बाद उच्च न्यायालय बिलासपुर ने याचिका क्र. डब्ल्यूपीएस 5788/2023 में दिनांक 21 अगस्त को सहायक शिक्षक पद हेतु बीएड योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग की कार्यवाही स्थगित रखने का आदेश दिया, परन्तु डीएड एवं डीएलएड की काउंसलिंग पर कोई रोक नही लगाई। न्यायालय के इस आदेश में पालन में डीएड एवं डीएलएड योग्यता वाले अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग जारी रखी गयी है, जिससे राज्य के युवाओं को शीघ्रता से रोजागार दिया जा सके। बीएड योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध विधिक उपचारों के बारे में महाधिवक्ता महोदय से मार्गदर्शन मांगा गया है।

# राज्य सरकार सभी वर्गों के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रगति के लिए भी कर रही है हरसंभव प्रयासः भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश स्तरीय ''ओबीसी महासम्मेलन'' में हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार सभी वर्गों के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रगति के लिए भी हरसंभव प्रयास कर रही है। चाहे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए संचालित कार्यक्रमों की बात हो या न्याय योजनाओं की इन योजनाओं का लाभ सभी वर्गों के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को भी मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की तरह प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों तथा जिला मुख्यालयों में अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है।




मुख्यमंत्री राजधानी रायपुर के रावणभाटा मैदान में आयोजित प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय ''ओबीसी महासम्मेलन'' को सम्बोधित कर रहे थे। महासम्मेलन में अन्य पिछड़ा वर्ग समाज ने आरक्षण के संबंध में चर्चा के लिए राज्यपाल महोदय से समय दिलाने की मांग मुख्यमंत्री बघेल से की। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल महोदय को इस संबंध में पत्र लिखने की बात कही। छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा और छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने की। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद दीपक बैज, छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा के संयोजक राधेश्याम साहू सहित ओबीसी समाज के अनेक पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने समाज द्वारा जमीन की मांग पर कहा कि जमीन के मामले में इससे पहले किसी सरकार ने इतना जमीन नहीं बांटा है, कोई समाज यह नहीं कह सकता कि उसे जमीन नहीं मिला। ओबीसी बड़ा समाज है तो सबसे ज्यादा जमीन आप लोगों को मिली है। साथ ही भवन बनाने के लिए भी आवश्यकतानुसार राशि दी गयी है। राजधानी में सभी अस्पताल रायपुर शहर में स्थित हैं, तो व्यवहारिकता को देखते हुए आप लोग बड़े अस्पतालों के पास धर्मशाला के लिए जमीन देख लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा पिछड़ा वर्ग के साथ है। सबसे ज्यादा ऋण माफी का लाभ पिछड़ा वर्ग के साथियों को ही मिला है क्योंकि पिछड़ा वर्ग के लोग अधिकांशतः खेती से जुड़े हुए हैं, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का लाभ भी आपको ही सबसे ज्यादा मिला, चाहे वह राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बात हो, चाहे मिलेट्स कोदो, कुटकी की बात हो, ट्यूबवेल पर किसानों को बिजली पर 12 हजार से 14 हजार करोड़ रुपए की छूट इन 5 सालों में दी गई और घरों में बिजली पर भी छूट दी जा रही है। हमारी सरकार लगातार शिक्षा स्वास्थ्य पर काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के हितों के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में 2011 के बाद से जनगणना नहीं हुई है। आवास का मामला सामने आया। जनसंख्या बढ़ने के साथ परिवार भी बढ़े और आवास की जरूरत भी बढ़ी। मैंने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी की जनगणना होनी चाहिए। जनगणना नहीं हुई तो हमारी सरकार ने आर्थिक सर्वेक्षण कराया जिसकी रिपोर्ट आयी है और उसका परीक्षण चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने समाज की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि एनएमडीसी का कार्यालय हैदराबाद की जगह जगदलपुर में होना चाहिए। प्रदेश में कार्यालय होगा तो इससे सभी को लाभ मिलेगा, राज्य को जीएसटी से लाभ होगा, अभी तेलंगाना जा रहा है, वह प्रदेश को मिलेगा। भर्ती में भी छत्तीसगढ़ के बच्चों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय और सार्वजनिक औद्योगिक निकायों का निजीकरण हो रहा है, ऐसी स्थिति में किसी को भी आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। अभी बस्तर में नगरनार का स्टील प्लांट तैयार भी नहीं हुआ है, उसके भी विनिवेश की तैयारी कर ली गई है। एयरपोर्ट का निजीकरण किया जा रहा है। बालको का निजीकरण हो गया। वन अधिकार पट्टा के संबंध में उन्होंने कहा कि पिछले सरकार में सिर्फ आदिवासियों को वन अधिकार पट्टा दिया गया था। पर हमारी सरकार में 2005 से जो भी व्यक्ति, चाहे वो कोई भी समाज के हों, यदि 2005 से काबिज हैं, तो उन्हें पट्टा दिया गया।

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू और छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा के संयोजक राधेश्याम साहू ने विस्तार से समाज की विभिन्न मांगों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

### चारामा से हजारों की संख्या में पैदल चलकर रायपुर आए थे

मुख्यमंत्री बघेल ने महासम्मेलन में कहा कि मुझे वह दिन भी याद है जब 2013 में आप सभी चारामा से हजारों की संख्या में पैदल चलकर रायपुर आए थे और इंडोर स्टेडियम के बगल में बड़ी सभा का आयोजन हुआ था। अन्य पिछड़ा वर्ग का संगठन बहुत मजबूत है। संगठन द्वारा हमेशा प्रभावी तरीके से अपनी मांग रखी जाती है। अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रमुख रूप से 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने विधानसभा में एक और दो दिसंबर 2022 को विशेष सत्र बुलाकर आरक्षण विधेयक पारित किया और पारित करने के पश्चात राज्यपाल महोदय के पास भेज दिया। यह विधेयक राज्यपाल के पास लंबित है। इस विधेयक में अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत, अनुसूचित जाति को 13 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण और ईडब्ल्यूएस को 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है।

# श्रीराम गुरूकुलम् आश्रम पहडोर में संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** संस्कृत सप्ताह के प्रथम दिवस श्रीराम गुरूकुलम् संस्कृत विद्यापीठ आश्रम पहडोर, पचपेड़ी विकासखण्ड पाटन जिला दुर्ग में छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् के अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दिया गया संस्कृत सप्ताह का संदेश वाचन संस्था के आचार्य दयाराम पुरोहित द्वारा किया गया।


समारोह में गुरूकुलम् के छात्रों द्वारा श्लोक पाठ, गीता पाठ, संस्कृत गीत सहित विविध योगासनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा संस्कृत की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर आश्रम के संस्थापक डॉ. अरूण मढ़रिया, डॉ. बी. रघु सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दुर्ग, सचिव छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् अल्का दानी, सहायक संचालक लक्ष्मण साहू, संस्था के आचार्यगण एवं बड़ी संख्या में संस्कृत अनुरागी ग्रामीणजन उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कति को देश-विदेश में मिल रहा पहचान

# विदेश में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की गूंजः छत्तीसगढ़ियों ने लंदन में 'हाय.. डारा लोर गेहे रे' की धुन पर किया नृत्य

**महिलाएं गले में कटली मोहर, कान में खुटी हाथ में नागमोरी और बहुटा के साथ माथे में बिंदी लगाकर छत्तीसगढ़ महतारी का रूप धारण किए हुए बेहद मनोहारी दिख रही थीं।**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया.. यूं ही नहीं कहा जाता। छत्तीसगढ़ और यहां के रीति-रिवाज की धमक अब विदेशों में भी देखने को मिल रही है। जी हां, लंदन की धरती पर भारतीय स्वतंत्रता की वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। हाय..डारा लोर गेहे रे.. के साथ लाली परसा बन म फुले और मउंहा झरे रे.. जैसे ख्यातनाम छत्तीसगढ़ी गीतों पर यहां के लोगों ने छत्तीसगढ़ मूल के रहवासियों के साथ नृत्य किया। भारतीय स्वतंत्रता की याद में आयोजित विदेशी धरती के समारोह में तिरंगा फहराने छत्तीसगढ़ियों ने एक-दूसरे को बधाई दी, मिठाईयां बांटी। समारोह में छत्तीसगढ़ी संस्कृति और समृद्धि का बेजोड़ प्रस्तुतिकरण किया गया। लंदन में आयोजित इस समारोह के आयोजन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का अद्धितीय योगदान रहा, आयोजकों ने मुख्यमंत्री के सहृदयता के लिए आभार संदेश भेजा है। कार्यक्रम में महिलाएं पारम्परिक वेशभूषा में संस्कृति को सहेजने की सन्देश पूरी दुनिया को दे रही है। गले में कटली मोहर, कान में खुटी, हाथ और भुजा में नागमोरी बहुटा पहुची और कलाई में आईठी चुरिया, माथे पर बिंदी लगाकर छत्तीसगढ़ महतारी के प्रति अपनी अपार श्रद्धा व प्रेम व्यक्त करती दिखाई दीं। इस दौरान छत्तीसगढ़ी लोकगीत हाय डारा लोर गे हे रे..मउंहा झरे रे मउंहा झरे रे जैसे गानों को सुनकर सभी लोक नृत्य करते हुए अपनी सांस्कृतिक परंपरा के संवाहक बने थे।

कार्यक्रम की शुरुआत फ्लैग होस्टिंग से हुई। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने ध्वजारोहण किया और उसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग आए थे।

### छत्तीसगढ़ कलाओं का किया प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ी टसर सिल्क साड़ी, सोपा, कोसा साड़ी, बस्तर डोखरा, टेराकोटा शिल्प, लकड़ी और बांस शिल्प, बड़ी, दही वाली मिर्ची जैसी छत्तीसगढ़ी कलाएं प्रदर्शित की गईं जो बहुत लोकप्रिय रहीं। छत्तीसगढ़ पीपुल्स एसोसिएशन ने आगंतुकों को छत्तीसगढ़ की कॉफी और चाय के बारे में बताया। उन्होंने छत्तीसगढ़ पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी देने वाले पत्रक का भी वितरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए छत्तीसगढ़ पीपुल्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सीजी टूरिज्म बोर्ड, जनसंपर्क विभाग को उनके प्रोत्साहन और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।




### छत्तीसगढ़ राज्य का स्टाल लोगों को किया आकर्षित

भारत के विभिन्न राज्यों जैसे छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, तमिलनाडु से एनआरआई और प्रवासी नागरिकों ने अपने स्टॉल लगाए। छत्तीसगढ़ का स्टॉल सर्वाधिक लोकप्रिय रहा। छत्तीसगढ़ पीपल्स एसोसिएशन ने आगंतुकों को छत्तीसगढ़ के पर्यटक आकर्षणों, यहां के प्राकृतिक संसाधनों और निवेश के अवसरों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पर्यटन का वीडियो दिखाया गया। भारत के उच्चायुक्त ने छत्तीसगढ़ स्टाल का दौरा किया और प्राकृतिक सुंदरता से आश्चर्यचकित हुए।

शैलो ट्यूबवेल योजना का लाभ उठा रहे हैं किसान

# अब खरीफ के अलावा रबी की फसल का भी ले रहे हैं लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन की कृषि योजनाओं से किसानों का खेती के प्रति रूझान बढ़ा है। शासन द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है जिनमें से शैलो ट्यूबवेल योजना महत्वपूर्ण है। इस योजना का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। लघु और सीमांत किसानों के लिए खेती-किसानी हमेशा से चुनौती पूर्ण रही है। राज्य में कई किसान सिंचाई की कमी की वजह से उन्नत कृषि नहीं कर पाते। इसके अलावा रबी और खरीफ की फसल भी नहीं ले पाते। पूरी तरह मानसून पर आधारित खेती में किसान हमेशा चिंतिंत रहता है। ऐसे किसानों के लिए शैलो ट्यूबवेल योजना काफी लाभप्रद साबित हो रहे हैं।

योजना का लाभ लेते हुए महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम चिंगरौद के ऐसे ही लघु सीमांत कृषक तेजकुमार साहू ने खेती को घाटे से उबारते हुए कृषि को लाभदायक बनाया है। वे बताते है कि पूर्व में सिंचाई के साधन नहीं होने से खरीफ में ही खेती का कार्य



करते थे, सिंचाई पूरी तरह मानसून पर निर्भर होने के कारण उत्पादन कम होता था। जिससे फसल उत्पादन की मात्रा उम्मीद से कम होता था। लागत की तुलना में आय कम प्राप्त होती थी। इस कारण घर की आर्थिक स्थिति कमजोर थी।

कृषक साहू ने कृषि विभाग द्वारा संचालित राजिम भक्तिन धारा योजना अंतर्गत शैलो ट्यूबवेल का लाभ उठाकर अपने खेत में ट्यूबवेल खुदवाया। जिससे अब वे रबी और खरीफ दोनों फसल लेते हैं। अब खेती का रकबा सिंचित होने से फसल का नुकसान नहीं होता है। कृषक अब वर्षा के ऊपर निर्भर नहीं है। कृषक के द्वारा खरीफ में धान फसल तथा रबी में दलहन, तिलहन व अन्य फसल का उत्पादन करता है। जिससे कृषक की आय में वृद्धि हुई। इस तरह कृषक वर्ष में खरीफ एवं रबी फसल लेकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार किया। विभाग की राजिम भक्तिन धारा योजना अंतर्गत शैलो ट्यूबवेल खनन से कृषक का जीवन स्तर एवं आर्थिक स्तर में सुधार हुआ।

### किसानों को मिलता है शत प्रतिशत अनुदान

महासमुंद जिले में लगभग 400 शैलो बोर का खनन किया गया हैं। यह कम गहराई वाला या उथला ट्यूबवेल है , जिसकी अधिकतम गहराई 50 फीट होती है। खासकर नदी किनारे बसे गावों के लिए बेहद उपयोगी है। एक शैलो ट्यूबवेल की लागत लगभग 20 हजार रुपये है और शासन इसके लिए किसानों को शत प्रतिशत अनुदान देती है । शासन द्वारा इसमे 5 हजार रुपये खुदाई के लिए और 15 हजार पम्प प्रतिस्थापन के लिए किसानो को प्रदान किया जाता है ।

# विकास उपाध्याय द्वारा छात्राओं को सायकल वितरित

**रायपुर।** पंडित रामसहाय मिश्र शासकीय हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय महोबा बाजार रायपुर में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं को सायकल वितरण और मतदान के लिए जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि पार्षद प्रकाश जगत और अन्य अतिथियों द्वारा छात्राओं को सायकल का वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर और नारों की सहायता से मतदान के लिए जागरूकता का संदेश दिया गया। संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं से विद्यालय के विकास व समस्याओं पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रवि थामस ने की। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीपा दास व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित थी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# महिलाओं में क्यों ज्यादा होती है नींद ना आने की समस्या, जानें कारण, कहीं ये स्लीप डिसऑर्डर तो नहीं

अच्छी नींद का मेंटल और फिजिकल हेल्थ से गहरा कनेक्शन होता है। अगर आप की नींद पूरी होती है तो आपका दिमाग तेज चलता है और सेहत से जुड़ी कई समस्याएं शरीर से दूर रहती हैं। कई रिसर्च में पाया गया है कि नींद से जुड़ी समस्याएं पुरुषों की तुलना में महिलाओं को ज्यादा परेशान करती है। इसका सबसे बड़ा कारण हार्मोनल बदलाव हो सकता है। इसलिए अगर आप भी नींद की समस्या से जूझ रही हैं तो इन बातों को जान लेना चाहिए।



## महिलाओं को कितनी नींद लेनी चाहिए

वुमन्स हेल्थ के अनुसार, अच्छी नींद लेकर आप माइंड और बॉडी को हेल्दी बना सकती हैं। जब आप सोती हैं तो आपकी बॉडी खुद को ऑटोहील करता है। लेकिन अगर रेस्टलेस लेग सिंड्रॉम से जूझ रही हैं तो नींद ले पाना कठिन हो जाता है। ऐसे में नींद न पूरी होने से मेंटल हेल्थ बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। इसलिए दिनभर खुद को फ्रेश रखने के लिए महिलाओं को कम से कम 7 से 9 घंटे तक सोना चाहिए। प्रेग्नेंसी में रेस्ट लेना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। न्यू मॉम को भी अच्छी नींद की दरकार होती है।

## महिलाओं में नींद की समस्या ज्यादा होने के 3 कारण

■प्रीमेस्ट्रम सिंड्रोम और प्रीमेंस्ट्रुअल डिस्फोरिक डिसऑर्डर है। इस समस्या में पीरियड की वजह से रातभर नींद नहीं आती है, जो महिलाओं में डिप्रेशन की वजह बन सकती है।

■प्रेगनेंसी की वजह से नीदं की समस्या हो सकती है। दरअसल, थर्ड ट्राइमस्टर में महिलाएं पैर में होने वाले क्रैंप, सोने में दिक्कत और बार-बार बाथरूम जाने की वजह से ठीक तरह से सो नहीं पाती हैं।

■पेरीमेनोपॉज की वजह से महिलाओं में अनिद्रा की शिकायत हो सकती है। इसमें हॉट फ्लश और रात के वक्त ज्यादा पसीना आने के कारण नींद पूरी नहीं होती है।

## स्लीप डिसऑर्डर की पहचान कैसे करें

अगर नींद न आने से परेशान हैं और आपको लगता है कि आप स्लीप डिसऑर्डर की शिकार हो गई हैं तो कुछ लक्षणों से इसका पता लगा सकती हैं। बहुत कोशिश करने के बावजूद भी नींद न आना, सोते समय सांस लेने में अचानक से परेशानी आना, सोते वक्त कई बार सांस न लो, पैरों का ज्यादा हिलना, खर्राटे की समस्या, रात में बार-बार टॉयलेट जाना, सुबह उठने पर फ्रेश न फील करना और दिनभर नींद आना स्लीप डिसऑर्डर के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

# सालार में होगा यश का धांसू कैमियो, प्रशांत नील की यूनिवर्स का हिस्सा है



केजीएफ की दो कडियों से पूरे भारत में अपनी अलग पहचाने बनाने वाले अभिनेता यश इन दिनो नितेश तिवारी द्वारा बनाई जाने वाली फिल्म रामायण को लेकर चर्चाओं में हैं। बताया जा रहा है कि तिवारी ने यश को इस फिल्म में रावण की भूमिका निभाने के लिए सम्पर्क किया। यश का लुक टेस्ट किया जा रहा है। हालांकि अभी तक यह आधिकारिक नहीं हो पाया है कि यश रावण बनेंगे या नहीं। लेकिन अब यश को लेकर जो चर्चा हो रही है वह यह है कि केजीएफ निर्देशक प्रशांत नील उन्हें अपनी अगली फिल्म सालार में कैमियो भूमिका में लेकर आने वाले हैं। जिस वक्त से इस मूवी का ऐलान हुआ था, तभी से चर्चा है कि ये मूवी निर्देशक प्रशांत नील के केजीएफ यूनिवर्स का हिस्सा होगा। अब इन खबरों को और पुख्ता करते हुए सामने आई ताजा जानकारी भी कुछ यही इशारा दे रही है। रिपोर्ट की मानें तो फिल्म स्टार प्रभास के साथ सालार में सुपरस्टार यश भी नजर आने वाले हैं। मिली जानकारी के मुताबिक इस मूवी में प्रभास के साथ यश की धांसू एंट्री होगी। वो इस फिल्म में एक दमदार कैमियो करते दिखेंगे। जानकारी के मुताबिक सालार में यश का 5 मिनट का कैमियो होगा। जो केजीएफ 2 और सालार की दुनिया को मिलाने का काम करेगा। याद दिला दें कि सालार की मुहूर्त पूजा के दौरान भी प्रभास के साथ निर्देशक प्रशांत नील की पिछली फिल्म केजीएफ सीरीज के हीरो यश भी पहुंचे थे। इस दौरान यश और प्रभास ने मिलकर तस्वीरें भी क्लिक करवाई थी। तभी से फैंस के बीच इन दोनों सितारों को ऑन स्क्रीन देखने का उत्साह बना हुआ है। अगर ये रिपोर्ट्स सही निकलती हैं तो यश और प्रभास एक साथ सिल्वर स्क्रीन पर तबाही मचाते दिखेंगे।

फिल्म स्टार यश ने केजीएफ 2 जैसी ब्लॉकबस्टर मूवी देने के बाद अभी तक अपनी अगली फिल्म का ऐलान नहीं किया है।



# मालदीव पहुंचते ही मौनी रॉय के सिर चढ़ा बोल्डनेस का खुमार

टीवी की नागिन बनकर मौनी रॉय ने खूब पॉपुलैरिटी बटोरी। एक्ट्रेस की अदाएं और लुक्स की भी खूब चर्चा हुई। लेकिन इस सीरियल के बाद मौनी रॉय दिन पर दिन इतनी ज्यादा बोल्ड होती जा रही हैं कि उनके लुक के चर्चे हर तरफ हो रहे हैं। हाल ही में मौनी ने मालदीव से कई फोटोज शेयर की। इन तस्वीरों में मौनी कैमरे के सामने बिकिनी पहनकर लेटकर ऐसे-ऐसे पोज दे रही हैं कि फैंस उनके लुक को देखकर अपने दिलों पर काबू नहीं कर पा रहे हैं। मौनी रॉय की ये तस्वीरें मालदीव की हैं। जहां पर एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपने हुस्न को फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में मौनी ने टू पीस पहनकर ऐसा कहर बरपाया है कि फैंस उनकी फोटोज से नजरें नहीं हट पा रहे हैं।

मौनी रॉय इन तस्वीरों में कभी कैमरे के सामने लेटकर पोज देती नजर आईं तो कभी कैमरे के सामने बैठकर ऐसे पोज दिए, कि लोगों के दिलों से खेल गईं। मौनी रॉय की ये कातिलाना लुक की फोटोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में मौनी राय ने अपने लुक को पूरा करने के लिए कैमरे के सामने लाइट मेकअप और दो चोटी में नजर आईं। मौनी ने इस तस्वीरों को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। कैप्शन में लिखा- फिलहाल सपने देख रही हूं। इससे पहले मौनी रॉय ने कैमरे के सामने ब्लैक कलर की साड़ी पहनकर हुस्न की ऐसी बिजलियां गिराई थीं कि उनकी खूबसूरती लोगों की रातों की नीदें उड़ा ले गई। फोटोज में एक्ट्रेस ब्लैक प्लेन साड़ी के साथ गोल्डन कलर का चोकर हार और कानों में बड़े बड़े झुमके पहनकर अपने लुक को पूरा किया।



# क्योंकि...सास मां, बहू बेटी होती है में नजर आएंगी नविका कोटिया

**2012 की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश में श्रीदेवी की बेटी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री नविका कोटिया आगामी टेलीविजन शो क्योंकि... सास मां, बहू बेटी होती है में केसर की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उनके किरदार को निर्माताओं ने महत्वाकांक्षी बताया है लेकिन वह जानती हैं कि अपने परिवार के सपनों के साथ-साथ अपने सपनों को कैसे संतुलित करना है। उसका कभी हार न मानने वाला रवैया है।**

शो के बारे में बात करते हुए नाविका ने कहा, मैं इतने प्रगतिशील शो क्योंकि...सास मां, बहू बेटी होती है में केसर के रूप में अपनी पहली मुख्य भूमिका पाकर रोमांचित हूं। मेरा किरदार केसर एक ऐसा व्यक्ति है जो जानता है कि उसे कैसे संतुलित करना है। जब बात परिवार और करियर की आती है तो मैं उनके कभी हार न मानने वाले रवैये को दृढ़ता से पहचानता हूं क्योंकि यह जीवन के प्रति मेरे अपने दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है।

कहानी दर्शकों को गुजरात ले जाती है जहां एक जीवंत नवरात्रि उत्सव के बीच, सूरत के राजगौर परिवार के भीतर एक तूफ़ान शुरू हो जाता है जब सबसे छोटी बहू- हेतल एक बहू की पारंपरिक भूमिका को चुनौती देते हुए अलग होने की मांग करती है। घटनाओं के इस अप्रत्याशित मोड़ ने राजगौर राजवंश की सबसे बड़ी बहू और कुलमाता अंबिका को तबाह कर दिया है क्योंकि परिवार को एक साथ रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

अपनी भाभी हेतल की इस धारणा को गलत साबित करने की तीव्र इच्छा के साथ कि सास कभी माँ, और बहू कभी बेटी नहीं बन सकती, अंबिका ने एक ऐतिहासिक निर्णय में, अपने परिवार के अनाथालय के दरवाजे पर छोड़े गए एक बच्चे, केसर को गोद ले लिया। और उसे बड़ा करने की कसम खाता है - एक बेटी के रूप में नहीं बल्कि एक बहू के रूप में।

अभिनेत्री ने आगे उल्लेख किया- एक बार जब मैंने स्क्रिप्ट और चरित्र विवरण के बारे में सीखा, तो मुझे एहसास हुआ कि यह वही है जिसकी मैं तलाश कर रही थी। स्क्रिप्ट वास्तव में आकर्षक है, और कलाकार और चालक दल बहुत प्रतिभाशाली हैं। मैं इसे शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं इस महाकाव्य यात्रा पर, और मैं वास्तव में ऐसे कलाकारों के समूह का हिस्सा बनकर धन्य महसूस करता हूं। क्योंकि...सास मां, बहू बेटी होती है का प्रीमियर 18 सितंबर को जी टीवी पर होगा।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### संसदीय सचिव की अगुवाई में हजारों श्रद्धालुओं ने सिरपुर में किया जलाभिषेक

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अगुवाई में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बम्हनी के बम्हनेश्वरनाथ से जल लेकर सिरपुर गंधेश्वरनाथ महादेव में जलाभिषेक किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं का बम्हनी से लेकर सिरपुर तक जगह-जगह स्वागत किया गया। आज रविवार को संसदीय सचिव श्री चंद्राकर की अगुवाई में बम्हनी से जल लेकर श्रद्धालुजन सिरपुर के लिए रवाना हुए। जिसका परसट्ठी में गोविंद साहू के नेतृत्व में, मचेवा में किशन देवांगन के नेतृत्व में, ग्राम बेमचा में संतोष चंद्राकर व देवेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में, परसदा में सरपंच वीरेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में टिकेंद्र चंद्राकर, राजू चंद्राकर, प्रभु यादव, लेखराम ध्रुव, पूनम साहू, भीखम विश्वकर्मा, दिनेश्वरी ध्रुव, जमुना यादव, कृति ध्रुव, गणेषु सतनामी, रिकेश विश्वकर्मा, गंगाप्रसाद तारक, तुमगावं में ओमप्रकाश यादव, कपिल साहू, गौतम सिन्हा, विजय बांधे, हर्ष शर्मा, गजेंद्र साहू, शिव यादव, राजेश चंद्राकर, भोरिंग में गिरधर आवडे व वेदप्रकाश साहू, जोबा में देवसिंह यादव व उदेराम ध्रुव के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। जलाभिषेक में हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचकर विशेष पूजा में शामिल हुए। इसके पूर्व बम्हनी में बम्हनेश्वरनाथ की पूजा में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर व अन्य श्रद्धालु शामिल हुए। कांवर यात्रा के दौरान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर के साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेंद्र साहू, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, बादल मक्कड़, प्रिंस चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, अक्षय साकरकर, व्यंकटेश चंद्राकर, नरेश सारथी, शुभम चंद्राकर, अनुराग चंद्राकर, रेखराज पटेल, आकाश निषाद, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे। बाद इसके शाम को सिरपुर गंधेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया गया।

### दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए वातावरण निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**रायगढ़।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत कक्षा पहली से लेकर बारहवीं पढ़ाने वाले शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय नटवर स्कूल में आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी बाखला, जिला मिशन समन्वयक श्री नरेंद्र चौधरी, एपीसी श्री भूपेन्द्र पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री जी.आर.जटवार के मार्गदर्शन में आयोजित यह प्रशिक्षण दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए वातावरण निर्माण, दिव्यांग बच्चों की संस्था में पहचान के लिए प्रशस्त एप के इंस्टॉलेशन तथा प्रयोग, दिव्यांग बच्चों के लाभ हेतु विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं के विषय में दिया जा रहा है। रायगढ़ विकासखंड के 225 शासकीय शालाओं से कुल 229 शिक्षकों के समक्ष आयोजित इस प्रशिक्षण का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा-अर्चना तथा राज्यगीत के गायन के साथ किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में श्री मनोज अग्रवाल बीआरसीसी रायगढ़ द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य तथा उपयोगिता के संबंध में संक्षिप्त संबोंधन दिया गया। प्रशिक्षण के मास्टर्स ट्रेनर्स श्रीमती सुमित्रा चंद्रा के द्वारा 21 प्रकार की दिव्यांगता, पालकों तथा शिक्षकों का इन बच्चों के प्रति व्यवहार, बच्चों के चिन्हांकन आदि विषय के बारे में सवाल-जवाब तथा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। श्री दीपक रात्रे स्पेशल एजुकेटर के द्वारा इन बच्चों हेतु विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तथा बच्चों के अधिकार के संबंध में अवगत कराया गया। प्रशस्त एप के इंस्टॉलेशन उसके प्रयोग आदि के विषय में मास्टर ट्रेनर खगैश्वर साहू, सौरभ पटेल के द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया गया।

### पुरुषोत्तम मास में भगवान शिव और श्रीहरि विष्णु का एकसाथ पूजा-अर्चना करना हमारा सौभाग्य - रंजना साहू

**धमतरी।** अमलेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट एवं समस्त ग्रामवासी पोटियाडीह द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ पुरुषोत्तम माह कथा महत्तम में कथावाचक सौम्या किशोरी दुबे जी (श्री वृंदावन धाम) के मुखारविंद से शिव महापुराण की ज्ञान गंगा बह रही है, इस ज्ञान गंगा में डुबकी लगाने एवं ग्राम देमार में आयोजित शिवमहापुराण कथा का रसपान करने विधायक रंजना डीपेंद्र साहू पहुंची। पोटियाडीह में वृंदावन धाम से पधारे सौम्या किशोरी दुबे जी ने बारह ज्योतिर्लिंग एवं गौ माता की कथा का बखान के तो वही ग्राम देमार में शिवानंद जी महाराज भगवान श्री राम के अनन्य भक्त बजरंगबली की उत्पत्ति की कथा का बखान किए। सर्वप्रथम विधायक ने व्यास पीठ का आशीर्वाद लिए एवं समस्त धर्मप्रेमी समागम में शिव महापुराण कथा का श्रवण किए। विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने शिव महापुराण कथा श्रवण कर श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन का अनमोल पल है जब हम श्री हरि विष्णु और देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना एक साथ करने का सौभाग्य हमें मिला है क्योंकि भगवान शिव और श्री हरि विष्णु एक दूसरे के उपासक हैं और इस श्रावण मास की पुरुषोत्तम मास में हमारे दोनों ही इष्टदेव कि उपासना कर रहे हैं।

कांग्रेस घोषणा पत्र समिति की सब कमेटी सदस्य हरबंस से की भेट

# घोषणा पत्र कांग्रेस के लिए पवित्र ग्रंथ जैसा, अजा वर्ग के हितों का पूरा ध्यान रखेंगी शेषराज : रत्नावली

श्रीकंचनपथ न्यूज



**मुंगेली। छत्तीसगढ़ शासन अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण सदस्य, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस एवं महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रत्नावली कौशल ने छत्तीसगढ़ शासन रोजगार गारंटी परिषद मनरेगा की सदस्य एवं अनुसूचित जाति कांग्रेस महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष शेषराज हरबंस से मुलाकात की। शेषराज हरबंस को कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय घोषणा पत्र समिति की सब कमेटी में सदस्य बनाए जाने पर सुश्री कौशल ने शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि वे पार्टी के घोषणा पत्र में अनुसूचित जाति वर्ग के हित में अहम मुद्दे शामिल करवाएंगी।**

शेषराज हरबंस से रत्नावली कौशल की मुलाकात बिलासपुर स्थित उनके निवास में हुई। सुश्री कौशल ने शेषराज हरबंस का सम्मान बुके भेंटकर किया। उन्होंने शेषराज हरबंस से कहा कि आपको कांग्रेस घोषणा पत्र समिति की सब कमेटी में सदस्य नामजद किए जाने से अनुसूचित जाति वर्ग के लोग स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। मुंगेली जिले में निवासरत अनुसूचित जाति के लोग आपको सदस्य बनाए जाने से बहुत ज्यादा खुश हैं। सुश्री कौशल ने कहा कि अब तक आप अनुसूचित जाति कांग्रेस महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष की हैसियत से सतनामी समाज तथा अनुसूचित जाति के अन्य समाजों के हित में बेहतर काम करती आई हैं। आपको घोषणा पत्र समिति में शामिल किए जाने से इन समाजों की अपेक्षाएं अब आपसे और बढ़ गई हैं।

मैं इन समाजों की तरफ से आपसे आग्रह करती हूं कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में अनुसूचित जाति वर्ग के हितों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को जरूर शामिल करवाएंगी। रत्नावली कौशल से मिलकर सुश्री हरबंस बहुत खुश हुईं। उन्होंने रत्नावली से कहा कि मुंगेली क्षेत्र में आपकी सक्रियता और अनुसूचित जाति के लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता की चर्चा बिलासपुर में भी होती है। मुझसे मिलने मुंगेली जिले के जो भी लोग आते हैं, वे आपकी तारीफ जरूर करते हैं। लोग कहते हैं कि हमारी रत्नावली बहन अनुसूचित जाति समाज के हक के लिए मुखर होकर काम कर रही है। किसानों के हित में भी आपके द्वारा की गई पहल की जानकारी मुझे मिली है। किसान और अनुसूचित जाति के लोग आपकी बड़ी इज्जत करते हैं। शेषराज हरबंस ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए आप जिस तरह काम कर रही हैं, वह अतुल्य है। उन्होंने रत्नावली को प्रेरणा दी कि समाज हित में ऐसे ही सक्रिय बनी रहें, समाज का आशीर्वाद आपके साथ है। समाज हित में काम करने में मैं भी कोई कसर बाकी नहीं रखूंगी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रत्नावली कौशल ने बताया कि अनुसूचित जाति कांग्रेस महिला विभाग की प्रदेश अध्यक्ष शेषराज हरबंस अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए लगातार काम करती आ रही हैं। इस वर्ग की महिलाओं और युवतियों के हित में उन्होंने अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनकी शिक्षा को बढ़ावा देने, बेटा बेटी में भेद न कर आगे बढने के लिए बेटियों को भी पर्याप्त मौका दिलाने, पाखंड, आडंबर और दकियानूसी से समाज को मुक्त करने, राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़ाने जैसे उल्लेखनीय कार्य शेषराज हरबंस ने किए हैं। इस वजह से समाज के बीच उनकी प्रतिष्ठा और लोकप्रियता काफी सुदृढ़ हो चुकी है। वे एक सफल नेत्री साबित हुई हैं।

वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रत्नावली कौशल ने कहा कि घोषणा पत्र कांग्रेस के लिए महज एक दस्तावेज नहीं, बल्कि पवित्र ग्रंथ की तरह होता है और वह उसकी पवित्रता पर कभी भी आंच नहीं आने देती। चुनावों के दौरान कांग्रेस जो भी घोषणाएं करती है, उन पर वह शत प्रतिशत अमल भी करती है। उन्होंने कहा कि 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने अपने जन घोषणा पत्र में किसानों, आदिवासियों, युवाओं, महिलाओं से जो वादे किए थे उन्हें पूरा किया है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर आधुनिक सुविधा युक्त रायगढ़ स्टेडियम की शहर को मिलेगी सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। बोईरदादर स्थित रायगढ़ स्टेडियम खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के साथ पूरे शहरवासियों के लिए हमेशा से खेल गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, यहां अभ्यास कर निकले खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनायी है। रोजाना सैकड़ों लोग यहां अपनी सेहत दुरुस्त रखने पहुंचते हैं।**

वर्षो पुराने स्टेडियम की खूबसूरती एवं यहां लगे उपकरण भी पुराने हो चुके हैं, लिहाजा बदलते दौर के साथ खेल की गतिविधियों के संसाधनों में आए बदलाव के अनुरूप स्टेडियम को तैयार किया जा सके। जिसे देखते हुए स्टेडियम को संवारने और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की पहल कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने की। जिसका शुभारंभ 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन होने जा रहा है।

शहर के सबसे बड़े रायगढ़ स्टेडियम में खेल प्रतिभाओं को उच्च स्तरीय सुविधाएं जल्द देखने को मिलेगी। खिलाड़ियों के लिए खेल मैदान और कोर्ट को विकसित करने के साथ पहले से मौजूद सुविधाओं और संसाधनों को अपग्रेड करने का कार्य किया जा रहा हैं, जिससे शहर और जिले के खिलाड़ी अपने हुनर को और बेहतर तरीके से निखार सकें।

कलेक्टर श्री सिन्हा ने सीएसआर के तहत इसकी जिम्मेदारी जिंदल समूह को दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत रायगढ़ स्टेडियम के जिम, बैडमिंटन और बास्केटबाल कोर्ट, स्विमिंग पुल, टेबल टेनिस हाल में सुविधाओं के साथ मुख्य गैलरी और पेवेलियन की सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। स्टेडियम में संपूर्ण जिम का काया-कल्प किया गया है। जिनमें उपकरणों की व्यवस्था, जिम के फर्श पर मैटिंग का कार्य, रंगाई-पुताई, महिलाओं हेतु पृथक से वॉशरुम व चेंजिंग रुम का निर्माण किया जा रहा है। नए उपकरणों की व्यवस्था के साथ पुराने उपकरणों के मरम्मत का कार्य भी किया गया। पूरे स्टेडियम को करीब 2 करोड़ रुपए की राशि से नए कलेवर में तैयार किया जा रहा हैं। जिसमें जिम का पूरा हॉल सुधार कर पुराने के स्थान पर नए उपकरण लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही मेल व फीमेल के सेपरेट चेंजिंग रूम भी रेडी हो चुका है।

इसी प्रकार टीटी हॉल में टाईल्स, बाथरूम का जीर्णोद्धार खिड़कियों एवं दरवाजों को सुधारा गया है। साथ ही रायगढ़ स्टेडियम परिसर में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा जिंदल समूह की ओर से 72 फिट ऊंचाई का हाई मास्ट फ्लैग पोस्ट का निर्माण किया जा चुका है।

# रिलायंस फाउंडेशन द्वारा निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन



श्रीकंचपनथ न्यूज

**राजनांदगांव। राजनादगांव जिले के अंतर्गत ग्राम बगदई में रिलायंस फाउंडेशन और पशुधन विकास विभाग संयुक्त तत्वधान से निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।**

जिसमे पशु विकास विभाग डोंगरगांव के डॉ एम.के. कश्यप डॉ. ए. चंद्राकर एवं डॉ.बी.डी.साहू के निर्देशानुसर द्वारा डॉक्टरो की टीम द्वारा पशुओ का जैसे गाय, भैस, बकरी आदि का टिकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण तथा रोगी पशुओं का इलाज किया गया, बच्चों को कृषि की दवाइयां पिलाई गई। साथ ही पशुपालक को मिनरल्स मिक्चर, व दवाई का निशुल्क वितरण किया गया। जिसमे गोपाल राम सोनकर, धर्मेंद्र अठनगर, गैन्दलाल के द्वारा पशुओ के दूध बढ़ाने के विषय मे चारा जैसे बरसिम, नेपियर, मक्का आदि चारे खिलाने की अनुसंशा की गई जिस शिविर मे ग्राम बगदई के सभी पशुपालक 40 से 50 ग्रामीण भाई लोग सम्मिलित हुए, जिसमे 100 से 150 पशुओ की जाँच और उपचार किया गया। जिसमे चंद्र प्रकाश हलधर तथा खेलू राम निषाद द्वारा किसानो को संचार माध्यम के द्वारा विभागीय योजनाओं से जुड़ने की और रिलायंस फाउंडेशन के नि:शुल्क हेल्पलाइन नंबर 1800-419-8800 के बारे में बताया।

डीआरयूसीसी की बैठक में कैट सीजी चैप्टर शामिल हुई

# डीआरयूसीसी की बैठक में कैट सीजी चैप्टर की मांगे को सवैधानिक सहमति दी

श्रीकंचपनथ न्यूज



**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि डीआरयूसीसी की बैठक में कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यकारी महामंत्री एवं डीआरयूसीसी के सदस्य भरत जैन उपस्थित रहे।

कन्फेड्रेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया की 25 अगस्त को डीआरयूसीसी की बैठक में कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यकारी महामंत्री एवं डीआरयूसीसी के सदस्य भरत जैन उपस्थित रहे। उन्होने आगे कहा कि रायपुर से अहमदाबाद दुरंदो सुपरफास्ट ट्रेन चलाया जाना चाहिए। रायपुर छत्तीसगढ़ की राजधानी है छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा कपड़ा एवं सराफा बाजार रायपुर में है। रायपुर मार्केट में सबसे ज्यादा अहमदाबाद मंडी से व्यापार होता है। रायपुर से प्रतिदिन काफी संख्या में व्यापारियो का आवागमन अहमदाबाद का होता है। रायपुर से अहमदाबाद दुरंदो सुपरफास्ट ट्रेन सुविधा उपलब्ध नहीं होनें के कारण व्यापारियों को आने-जाने में काफी समय लग जाता है। साथ ही व्यापारियों को परेशानी उठानी पड़ती है। रायपुर के कपड़ा एवं सराफा व्यापारियों द्वारा रायपुर से अहमदाबाद दुरंदो सुपरफास्ट ट्रेन सुविधा हेतु लम्बे समय से मांग की जा रही है।

कैट के प्रदेश कार्यकारी महामंत्री एवं डीआरयूसीसी के सदस्य भरत जैन ने बताया कि रेल्वे स्टेशन में पर्याप्त जगह होने के बाद भी अव्यस्थित ट्रैफिक रहता है। कुछ ऐसी व्यवस्था की जाए ताकि एक नम्बर के प्लेटफॉर्म की भीड़ गुढियारी तरफ जाने वाले रास्ते में डायवर्ट किया जा सके। ताकि संतुलन बना रहे। सात नम्बर प्लेटफॉर्म के बाहर पर्याप्त आटो नहीं मिलते।

सिटी बस को वहां से भी छोडने का प्रावधान कर सकते है। जनशताब्दी ट्रेन जो कि रायगढ से गोदिया के बीच चलती है। जिसका ठहराव सभी जिला मुख्यालयों में है। लेकिन उक्त ट्रेन की टिकट सभी स्थानों के लिए नहीं मिलती है। जिससे की लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। डीआरयूसीसी ने उपरोक्त मांगों को शीघ्र ही पूरी करने का सकारात्मक आश्वासन दिया।

# महिला उद्यमिता पर राजधानी में हुई परिचर्चा, महिला उद्यमियों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

श्रीकंचपनथ न्यूज



**रायपुर।** वेदिका फाउंडेशन के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ में पहली बार महिला उद्यमिता पर गहन परिचर्चा कार्यक्रम नवसृजन एक परिचर्चा का आयोजन रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध गायिका आरु साहू ने अर्पा पैरी से किया। उसके पश्चात अन्य संस्कृति प्रस्तुति दी गई। वेदिका फाउंडेशन की अध्यक्ष गुंजन चौहान चंदेल ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया।

गुंजन चौहान चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमिता पर शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था साथ ही महिला उद्यमिता की छत्तीसगढ़ वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की संभावना पर परिचर्चा किया गया। कार्यक्रम में परिचर्चा के लिए महिला उद्यमिता : चुनौतियां और संभावनाएं, सफल महिला उद्यमिता की कहानियां एवं अनुभव, संसाधन और बैंकिंग सेवाएं महिला उद्यमिता के लिए, सरकारी योजनाएं और अनुदान स्कीम, विकल्प और अवसर, महिला उद्यमिता में तकनीकी उन्नति और इंटरनेट का उपयोग एवं महिला स्वास्थ, शिक्षा और सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में परिचाचा के विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया जिसमे तीन चरण में परिचर्चा का प्रारूप बनाया गया । प्रथम चरण में महिला उद्यमिता पर शासन की योजनाओं पर परिचर्चा हुई जिसमे पैनलिस्ट के रूप में उद्योग विभाग से ज्वाइंट डायरेक्टर प्राची लाल, शिरीन देवांगन, महिला बाल विकास से अर्चना राणा एवं डी पी आर से आमना मीर शामिल हुई । दूसरे चरण में महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ, शिक्षा और सुरक्षा विषयों परिचर्चा हुई। जिसमे पैनलिस्ट के रूप में अदविका ग्रुप की चेयरमैन सुधा वर्मा, नम्रता टाटिया, एनएचएमएमआई की प्राचार्य श्वेता पतरास, डॉ मानसी गुलाटी, यूनिसेफ से चार्मी पटेल और इंदिरा जैन शामिल हुई। तीसरे चरण में परिचर्चा के लिए पैनलिस्ट सुगंधा जैन, अपूर्व त्रिपाठी, नेहा शर्मा, मोनाली गुहा, विनीता पाठक, आरती जैन एवं गीता दहिया शामिल हुई। पारीचर्चा का संचालन गुंजनस आयोजन एवम वेदिका फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर गुंजन चौहान चंदेल एवं सुरुचि मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में टॉप 100वूमेन एक्सीलेंस सर्टिफिक्रेशन प्रदान किया गया।

### वरिष्ठजनों के लिए आयोजित एक दिवस कार्यशाला

**सूरजपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशा निर्देशन में जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर गोविन्द नारायण जांगड़े के निर्देशन में ''माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007'' के संबंध में कार्यशाला, प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंगल भवन सूरजपुर में किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण एवं उपस्थित वरिष्ठजनों द्वारा द्वीप प्रज्वलन एवं न्यायिक अधिकारीगण द्वारा उपस्थित वरिष्ठजनों को पुष्प गुच्छ एवं श्रीफल भेट देकर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सुनिल कुमार नन्दे, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष, माननीय श्रीमती सुषमा लकड़ा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर, दीपिका नेताम एसडीएम प्रतापपुर, वर्षा बंसंल तहसीलदार, हिना टंडन नायब तहसीलदार सूरजुपर श्रीमती बी. तिर्की उप संचालक समाज कल्याण विभाग।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### पति ने की थी पत्नी की हत्या, फंदे से लटकाकर बनाई आत्महत्या की कहानी, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा (ए)।** जिले के सिटी कोतवाली क्षेत्र के अटल बिहारी वाजपेई ताप विद्युत संयंत्र के मड़वा कालोनी में बने मकान के बाहर बरामदे में फांसी से लटकी महिला का शव मिला था। पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ की उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। जिसपर मृतका के परिजनों ने सिटी कोतवाली में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आरोपी पति यशवंत शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया गया है।

एएसपी अनिल सोनी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने पर पता चला की मृतिका तृप्ति शर्मा ने आत्महत्या नहीं की थी उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। जिसके बाद मृतिका के परिजनों से पूछताछ के दौरान पता चला की यशवंत शर्मा ने अपनी सास को फोन कर पैसे की मांग की थी जिसको लेकर सास के साछ झगड़ा हुआ और मामले को लेकर यशवंत ने पत्नी तृप्ति के साथ भी झगड़ा किया था।

मृतका तृप्ति की मां ने बताया की यशवंत नशेड़ी है हमेशा नसे में रहता है और पैसे को लेकर हमेशा तृप्ति को परेशान और मारपीट करता रहता था कई बार पैसे भी देने की बात कही। आरोपी पति यशवंत के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया और न्यायिक डिमांड पर भेजा गया है। एएसपी अनिल सोनी ने कहा की मृतका के पास से सुसाइड नोट मिला था जिससे परीक्षण के लिए एक्सपर्ट के पास भेजा गया है।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीज ने किया सुसाइडः गमछे का फंदा बनाकर लगाई फांसी

**जगदलपुर (ए)।** जिले के डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में एक मरीज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि मरीज किडनी की बीमारी से जूझ रहा था। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं रविवार को स्टोर रूम में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। अस्पताल का स्टाफ जब स्टोर रूम में गया तब घटना का पता चला। मौके पर पुलिस भी पहुंच चुकी है। मामला परपा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, मृतक का नाम छन्नू लाल मंडावी (58) है। वह कोंडागांव जिले के बाजार पारा का रहने वाला था। पिछले कई महीनों से बीमार चल रहा था। 24 अगस्त को परिजनों ने इसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। ऐसा बताया जा रहा है कि, अपनी बीमारी की वजह से छन्नू पिछले कई दिनों से परेशान भी था। वहीं रविवार को मौका देखकर मेकाज के स्टोर रूम में चला गया और गमछे से फंदा लगा लिया। मेकाज का स्टाफ जब स्टोर रूम में पहुंचा तो वहां छन्नू का शव लटकते हुए देखा। फिर इसकी जानकारी मेकाज प्रबंधन और पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। परिजनों से भी पूछताछ जारी है।

### आबकारी विभाग की चेकिंग में महुआ शराब-लाहन जब्त

**सूरजपुर।** विधानसभा चुनाव को लेकर आबकारी विभाग सतर्क है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सचिव सह आबकारी आयुक्त जनक प्रसाद पाठक के निर्देशों के तारतम्य में कलेक्टर संजय अग्रवाल व जिला आबकारी अधिकारी आईबी सिंह मार्कण्डेय के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने जांच अभियान चलाया। इस दौरान बस स्टैंड सूरजपुर, जयनगर में गश्त कर 3 लीटर महुआ शराब 34 (द्ब) क 4 लीटर महुआ शराब 34 (द्ब) 1 लीटर शराब एवं 40 किलो महुआ लाहन धारा (34) 1 क च जप्त कर प्रकरण कायम किया साथ ही अवैध मदिरा परिवहन, संग्रहण तथा विक्रय की जांच की गई।

# गरियाबंद में मुठभेड़: एक नक्सली ढेर, रायफल सहित भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज


**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित ईकावरी जंगल क्षेत्र में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। मुठभेड़ के बाद जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग गए। मौके पर पुलिस ने रायफल के साथ भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद की है।



मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि एसपी अमित काम्बले को बोरई थाना क्षेत्र के ईकावरी जंगल क्षेत्र में माओवादियों के होने की सूचना मिली थी। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल के मार्गदर्शन और अनुविभागीय अधिकारी मैनपुर अनुज कुमार के पर्यवेक्षण पर पुलिस जंगल क्षेत्र में रवाना हुई थी। माओवादी पहले से ही घात लगाकर जंगल पर बैठे थे। पुलिस टीम को देखकर माओवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद नक्सली घने जंगल की ओर भाग गये। पुलिस सर्चिंग टीम द्वारा घटनास्थल का सर्च करने पर एक वर्दीधारी नक्सली का शव बरामद हुआ। साथ ही मौके पर एक राइफल, एक बीजीएल हथियार के साथ अन्य नक्सली समाग्री बरामद हुई। माओवादियों की संभावित गतिविधियों को देखते हुए जिला गरियाबंद से ई-30 जिला चल एवं डीआरजी धमतरी की संयुक्त पार्टी रविवार को अभियान चलाकर सफलता प्राप्त की है।

## नक्सलियों ने बाजार में फेंके पर्चे: ग्रामीणों से कहा- पूर्व भाजपा विधायक भोजराज नाग को मार भगाओ



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में अंतागढ़ के पूर्व भाजपा विधायक भोजराज नाग को मार भगाने के लिए नक्सलियों द्वारा बैनर पोस्टर लगाया गया है। नक्सलियों ने ग्रामीणों से अपील करते हुए पर्चे में लिखा है कि 'धर्म की राजनीति कर समाज को बांट रहे हैं, जनता से अपील है कि इनके बहकावे में नहीं फंसे। नक्सलियों ने लिखा कि प्रदेश संयोजक भोजराज नाग को मार भगाओ। बाजार में मिल रहे ऐसे पर्चे से क्षेत्र में खौफ का माहौल है।

बता दें पूर्व भाजपा विधायक को इससे पहले भी धमकी मिल चुकी है। वे जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश संयोजक के रूप में काम कर रहे हैं और क्षेत्र में हो रहे धर्मांतरण का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। भोजराज नाग को नक्सलियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। दरअसल नक्सलियों का मानना है कि भोजराज नाग जो कर रहे हैं वह गलत है। धर्मांतरण के नाम पर आपस में लड़ाने और क्षेत्र में दंगे भड़काने का आरोप भी नक्सलियों ने लगाया था। नक्सलियों ने पर्चे में भोजराज नाग को आरएसएस का एजेंट बताया था।0 भोजराज नाग ने कांकेर एसपी को आवेदन भी दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि सरकार ने हमारी सुरक्षा कैटेगरी घटा दी है। पहले कैटेगरी थी और अब है। हम जो काम कर रहे हैं, वहां ईश्वर का काम है। धर्मांतरण की लड़ाई लड़ना हमारा काम है, हम जिस जाति समुदाय से आते हैं, वहां प्रकृति का समुदाय है।

## ट्रेन से कटकर बुजुर्ग ने दी अपनी जान, बहू-बेटी के साथ सब्जी बेचने का करता था काम



**बालोद।** बालोद जिले में दर्दनाक घटना देखने को मिली है। जहां एक वृद्ध ने ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी है। जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर से अंतागढ़ की ओर जा रही पैसेंजर ट्रेन से ब्लॉक के ग्राम छिदगांव जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे पटरी पर दौड़ती रेलगाड़ी से कटकर वृद्ध ने अपनी जान दे दी। वहीं इस घटना के बाद डौंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर आवश्यक कार्रवाई की। वृद्ध की मौत के बाद उसके परिवार में मातम का माहौल पसरा हुआ है।

जानकारी अनुसार सल्हाईटोला डौंडी रेलवे स्टेशन से अपने निर्धारित समय पर दोपहर एक बजकर 20 मिनट पर रेलवे स्टेशन से ट्रेन छूटकर आगे भानुप्रतापपुर और अंतागढ़ की ओर जा रही थी। इस दौरान डौंडी से आगे ग्राम छिंदगांव जाने वाले मार्ग के पास स्थित रेल्वे पटरी पर पहले से बैठे डौंडी नगर के भण्डारीपारा वार्ड 6 निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग पुरषोत्तम करबगिया ने चलती ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। इस हादसे की सूचना पाकर मृतक की बेटी घटना स्थल पहुंची और अपने पिता को उठने के लिए पुकार पुकार कर रोने लगी।

इंजीनियर हुआ ठगी का शिकार

## ऑनलाइन रुपए कमाने के लालच में गवाएं 6.80 लाख

**भिलाई।** जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी का इंजीनियर ऑनलाइन रुपए कमाने के लालच में फंसकर ठगी का शिकार हो गया। पहले तो ठग कंपनी ने उसे एक छोटा सा कैशबैक दिया। उसके बाद उसके अकाउंट से 6 लाख 80 हजार रुपए ऑनलाइन निकाल लिए। इसके बाद उसने जामुल थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई।

जामुल पुलिस ने बताया कि अमित कुमार पिता अवधेश सिंह (34 साल) ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि वो प्लाट नबंर 3 बी, वार्ड क्रमांक 16, नियर जन कल्याण अस्पताल, कैलाश नगर, कुरूद भिलाई में रहने वाला है। वो जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी अहिवारा में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। बीते 15 अगस्त को अमित के मोबाईल पर एक वाट्सअप मैसेज आया। उसमें हर दिन 150-5000 रुपए ऑनलाइन करमाने के बारे में दिया हुआ था। उस प्रलोभन के लालच में अमित आ गया। इसके बाद जैसे ही उसने लिंक ओपन किया और फ्रांड के निर्देशों का पालन किया उसके अकाउंट से 6.80 लाख रुपए निकल गए। जामुल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## तलवार, पिस्टल लहराने वाले 5 नाबालिग सहित 13 गिरफ्तार, जुलूस में की थी हथियारों की नुमाइश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर (ए)।** रायपुर में नकली कट्टा, पिस्टल और तलवार लहराने वालों का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया है। मामले में 5 नाबालिगों समेत 13 को गिरफ्तार किया है। तीन दिन पहले रायपुर के ईदगाह भाठा से जुलूस निकाला गया था। जिसमें हथियार लहरा कर शक्ति प्रदर्शन की गई थी।




पुलिस ने गिरफ्तार युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की है। जिसमें शेख फैजल, मोहम्मद इलियास, सैय्यद ईरशाद, शेख अज्जू, शेख शाहरुख, शेख शहबाज, शेख सोहेल, शेख जुबैर और 5 नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ा है। इनके पास से 8 तलवार, 3 चाकू और 2 पिस्टल नुमा लाइटर जब्त किया गया है।

### शहर के मुख्य मार्ग से होकर निकला था जुलूस

जुलूस ईदगाह भाठा से होते हुए लाखे नगर से आमापारा जाने वाली रोड पर निकला था। आसपास मौजूद कुछ युवकों ने हथियार लेकर नाचते लड़कों का वीडियो बनाकर इसे सोशल मीडिया में वायरल किया था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।

## तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार पति-पत्नी को मारी टक्कर, मौत

**सक्ती (ए)।** जिले में तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार पति पत्नी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पति-पत्नी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिकअप चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना सक्ती थाना क्षेत्र की है।



जानकारी के मुताबिक सरहर गांव के रहने वाले महावीर चंद्रा रविवार को पत्नी सरस्वती चंद्रा के साथ दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। दोनों वापस अपने घर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनों पुल से नीचे गिर गए। आसपास के लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी तुरंत डायल 112 को दी गई। आनन फानन मे घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

सक्ती थाना प्रभारी विवेक शर्मा ने बताया कि सुवाडेरा पुल के पास पिकअप वाहन द्वारा बाइक सवार पति- पत्नी को टक्कर मारने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दोनों के शव को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पिकअप चालक को हिरासत मे लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## दिव्यांग युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों में किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव पुलिस ने दिव्यांग युवती से दुष्कर्म के आरोपी को चार घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोप है कि योजना का झूठा लाभ दिलाने का झांसा देकर पीड़िता के साथ लॉज में दैहिक शोषण किया गया। आरोपी पूर्व में भी बलात्कार के प्रकरण में सजा होने से नौ साल जेल में रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है आरोपी का नाम खेमचंद मारकण्डे जो बैगाटोला निवासी है।

पीड़िता ने 26 अगस्त को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि वह दाहिने पैर से दिव्यांग है। 18 अगस्त को 10 से 11 बजे के बीच अपने पिता के साथ कलेक्ट्रेट राजनांदगांव में नोनी योजना का फार्म भरकर वापस घर लौट रही थी तभी रास्ते में एक व्यक्ति बाइक से आया और उनके पिता से मेरे दिव्यंगता के बारे में जानकारी लेकर बोला कि मैं तुम्हारी लड़की को दिव्यंगता का एवं मनरेगा का लाभ दिलवा दूंगा मेरे साथ भेज दो और कुछ लडकियों का फोटो निकालकर दिखाते हुए बोला कि इन्हे भी लाभ दिलवाया है।




पिता को विश्वास दिलाकर मुझे अपने साथ राजनांदगांव लाया और केन्द्रीय बैंक में पैसा निकालने बोला पैसा नहीं निकलने पर मुझे मेरे घर ले जाकर छोडा दूसरे दिन 19 अगस्त को सुबह हमारे घर आकर मुझे व मेरे पिता को पुन:विश्वास दिलाकर मुझे अपने साथ मोटर सायकल से राजनांदगांव लेकर आया और फार्म भरना है कहकर पुराना बस स्टैण्ड राजनांदगाव स्थित लॉज के रूम में ले जाकर मेरे साथ मेरे मर्जी के खिलाफ जबरदस्ती दैहिक शोषण किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घर जाकर घटना की जानकारी अपने परिजन को बताने पर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 342, 376 (2) (एन), 506 (बी) भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया है।

थाना व सायबर सेल की सयुक्त टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर थाना घुमका क्षेत्र से संदेही को हिरासत में लिया। आरोपी खेमचंद मारकण्डे से पूछताछ पर अपना अपराध स्वीकार किया गया। सीएसपी अमित पटेल ने बताया कि दिव्यांग पीड़िता के शिकायत के आधार पर अपराध दर्ज कर बताए गए हुलिए और नाम के आधार पर आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### प्रवासी विधायक कविता देवी ने किया जीत का दावा, महंगाई पर हो गई मौन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने प्रवासी विधायकों को भी मैदान में उतारा है। इसी कड़ी मं बिहार के कटियार जिले से विधायक कविता देवी इन दिनों अहिवारा विधानसभा में है। अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के चार मंडलों का दौरा यहां की जनता की नब्ज टटोल रही हैं। प्रवासी विधायक कविता देवी ने अहिवारा विधानसभा के साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत का दावा किया है। वहीं महंगाई के सवाल पर प्रवासी विधायक ने चुप्पी साध ली। सोमवार को भिलाई में एक प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के काम काज से जनता खुश नहीं है। यहां के युवा से बुजुर्ग व किसान से लेकर नौकरी पेशा तक सभी कांग्रेस सरकार की कार्यशैली से नाराज हैं। कविता देवी ने कहा कि भाजपा का विजन साफहै और वह विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है। केन्द्र की भाजपा सरकार गांव व गरीबों के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही हैं जिसका लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को भी मिल रहा है।

**महंगाई पर मौन हो गई प्रवासी विधायक:** प्रेसवार्ता के दौरान छत्तीसगढ़ में जीत का दावा करने वाली प्रवासी विधायक कविता देवी महंगाई के सवाल पर मौन हो गई। गैस के दाम से लेकर पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामों पर विधायक कुछ नहीं बोल पाई। इस दौरान भिलाई जिला भाजपा के अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया ने उनका बचाव किया और महंगाई को विकास से जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि देश में कोरोना काल के दौरान करोड़ों लोगों को मुफ्त में टीका लगा। देश में हाइवे का जान बिछ रहा है। भिलाई सहित पूरे छत्तीसगढ़ में नेशनल हाइवेज की हालत सुधरी है। बृजेश बिचपुरिया ने माना महंगाई बढ़ी है लेकिन इन पैसों से देश का विकास हो रहा है।

### अभय कोसा ने जीता सुपर टीन ब्वाय ऑफइंडिया 2023 इन बेंच प्रेस का खिताब

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ भिलाई में 29 वी इंडियन नेशनल बेंच प्रेस एंड डेडलिफ्ट चैंपियनशिप 2023 का आयोजन किया गया। इसमें सब जूनियर टीन्स, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर चार कटेगरी में देश भर से आए महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस आयोजन में सब जूनियर वर्ग में छत्तीसगढ़ राजनांदगांव के अभय कोसा ने सुपर टीन ब्वाय ऑफइंडिया 2023 इन बेंच प्रेस का खिताब जीतकर छग को पहले स्थान पर लाया। इसमें गोवा दूसरे और कर्नाटका तीसरे स्थान पर रहा। पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं अंतर्राष्ट्रीय मेडलिस्ट खिलाड़ी उत्तम कुमार साहू ने बताया कि यह प्रतियोगिता नेशनल पावर फेडरेशन के द्वारा आयोजित की गई है। छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टर एसोसिएशन और भिलाई पावर लिफ्टर एसोसिएशन के द्वारा बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट की राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन 25 से 27 अगस्त 2023 तक भिलाई सेक्टर 6 के कालीबाड़ी प्रांगण में आयोजित की गई।



## संकल्प शिविर का समापनः गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा

# अरूण वोरा को चुनाव जिताना ही मोतीलाल वोरा को सच्ची श्रद्धांजलि

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दुर्ग के रोमन पार्क में कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस के दिग्गज नेता शरीक हुए। संकल्प शिविर में आगामी विधानसभा चुनाव हेतू बूथ मैनेजमेंट एवं भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।



प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने अपने भाषण से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में जोश भरा वही मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा एवं राजेश तिवारी ने संकल्प शिविर में आए हजारों कांग्रेस के पदाधिकारियों को संबोधित किया। संकल्प शिविर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं हजारों के तादाद में कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इसी बीच अरूण वोरा के समर्थन में अरूण वोरा जिंदाबाद के नारे भी लगातार लगते रहे एवं बड़ी युवाओं की फौज उनके साथ चलती दिखाई दी।

### जब गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा अरूण वोरा को चुनाव जीतना है

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जिताने की बात कही। इसी बीच उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा को याद करते हुए कहा कि जब अरुण वोरा को 1993 में टिकट मिली तब हमने गांव में जाकर जाकर अरुण वोरा के लिए वोट के अपील की थी। अभी हमने कुछ दिन पहले ही बाबूजी के प्रतिमा का अनावरण किया एवं उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की, लेकिन इस विधानसभा चुनाव में अरुण वोरा को दुर्ग से चुनाव जीतना ही मोतीलाल वोरा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बात सुनकर हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खूब तालियां बजाई। संकल्प शिविर को संबोधित करते हुए विधायक वोरा ने कहा कि इन साढ़े 4 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने हर क्षेत्र में तरक्की की है। छत्तीसगढ़ वासियों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व पर पूरा भरोसा है एवं आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी एवं भूपेश बघेल फिर से इस प्रदेश की कमान संभालेंगे।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, दुर्ग विधायक अरूण वोरा, मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी, विनोद वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप चौबे, दुर्ग जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र साहू, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व साडा अध्यक्ष लक्ष्मण चंद्राकर, सभापति राजेश यादव मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अल्ताफअहमद, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष एवं हजारों कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निषाद समाज ने विधायक प्रत्याशी हेतु टिकट की मांग की



श्रीकंचपनथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ मछुआरा समाज आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में मछुआरा समाज आरक्षण को अपनी घोषणा पत्र में शामिल करने मछुआ समाज के पदाधिकारी ने मांग किया एवं मछुवारा समुदाय एवं निषाद समाज ने विधायक प्रत्याशी हेतु टिकट की मांग की है।

जिसमे मछुवारा समुदाय एवं निषाद समाज संगठन जिला दुर्ग के अध्यक्ष डा.घनश्याम निषाद ने विधानसभा क्षेत्र क्र 63 दुर्ग ग्रामीण से विधायक प्रत्याशी हेतु दावेदारी पेश की जि़सके लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भा.ज्.पा.के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव,पवन साव व सांसद लोक सभा क्षेत्र एवं प्रदेश संयोज्क ज़न घोषणा प्रबंधन समिति के विज्य बघेल से टिकट की मांग की। मांग रखने वालों मे छ.ग.मछुवारा समुदाय एवं दुर्ग जिला निषाद समाज संगठन जिला दुर्ग के अध्यक्ष डा.घनश्याम निषाद दुर्ग, छत्तीसगढ़ भा जा पा मछुआ प्रकोष्ठ अध्यक्ष नेहरू निषाद, अखिल भारतीय कश्यप कहार निषाद भोई समन्वय समिति प्रांतिय प्रवक्ता एवं संभाग अध्यक्ष बस्तर से कोमल देव निषाद, निषाद समाज कवर्धा से प्रदीप केवर्त, छ.ग.निषाद समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आनंद निषाद एवं प्रदेश पूर्व महासचिव बोधीराम निषाद, दुर्ग जिला निषाद समाज संगठन जिला दुर्ग के सह सचिव ओम प्क़ाश निषाद मोहलाई, भिलाई मडोदा क्षेत्र से चोवा राम निषाद, नारद निषाद एवं मछुआरा समाज प्रदेश के भारी संख्या में पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पोषक अनाज मिलेट्स विषय पर कार्यक्रम का आयोजन




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 में शासन के निर्देशानुसार मिनिट्स के प्रचार प्रसार के हेतु पोषक अनाज मिलेट्स विषय पर अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता श्री साईं सदन फूड प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक कृष्ण मोहन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती रोजा कुमारी थी कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के परिपेक्ष में महाविद्यालय के होम साइंस विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.अल्पना देशपांडे के निर्देशन में आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर मंजूला गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए मोटे अनाजों के विशेषता एवं गुणवत्ता पर प्रकाश डाला एवं इनके उपयोग करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कृष्ण मोहन ने मिलेट्स की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताये कि उत्तम स्वास्थ्य के लिए हमारे पारंपरिक मोटे अनाज पोषण एवं गुणवत्ता से परिपूर्ण है जिसके सेवन से हम स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं जैसे बीपी शुगर मोटापा कोलेस्ट्रोल आदि से बचाव कर सकते हैं उन्होंने मोटे अनाजों के मुख्य दो वर्ग के बारे में जानकारी दिए जिसमें प्रथम वर्ग न्यूट्रल मिलेट्स में ज्वार बाजरा रागी द्वितीय पॉजिटिव मिलेट्स में सावा कोदो कुटकी कंगनी कोडरा आदि आदि के बारे में बताये।

उन्होंने छत्तीसगढ़ में उपलब्ध कोदो ,कुटकी ,रागी के उपयोग करने के विधि प्रकार विस्तार से प्रकाश डालें एवं बताये। कि सर्वप्रथम अनाजों को लगभग 8 घंटे तक भीगना चाहिए उसके बाद उसे मध्यम आंच में पका कर खमीरकृत करके उपयोग करने से अनाज पौष्टिक गुणवत्ता से परिपूर्ण हो जाते हैं । उन्होंने सावा को प्रस्तुतीकरण के दौरान उबालकर उसके विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे लस्सी, पोहा, कॉर्न मिलेट,पनीर मिलेट,टोमैटो मिलेट आदि बनाकर सभागार में उपस्थित समस्त प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं को स्वाद चखने के लिए वितरित भी किये। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक श्रीमती उमा आडिल ने किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण डॉ. शीला विजय ,श्रीमती मंजू दांडेकर, डॉ. अल्पना दुबे, डॉ. मनीष कालरा, डॉ.शैलेंद्र ठाकुर, डॉ.रमेश त्रिपाठी ,डॉ ममता सर्राफ,डॉ. दीप्ति बघेल, डॉ नीलम गुप्ता , दिनेश देवांगन, श्रीमती श्रुति गावस्कर ,तथा अतिथि प्राध्यापक डॉ.चूड़ामणि वर्मा,कमुन वर्मा, डॉ. पूजा यादव, संतराम साहू ,कु.एन वी सुषमा, कु. पूजा देवांगन तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## हर महिलाओं के मन में भी एक बच्चा होता है उसे जाहिर बस हर कोई नहीं करता - सरोज पाण्डेय

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। महिलाओं के मन में खेल की जागरूकता स्वास्थ्य के लिए सजकता पैदा करने की उद्देश्य से लेकर महतारी खेल महोत्सव का आयोजन राज्यसभा सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय होटल चौहान इंपिरियल दुर्ग बायपास रोड मे किया।



जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न समाज की प्रमुख महिलाएं बुद्धिजीवी वर्ग से डॉक्टर पत्रकार उद्यमी समाज सेविकाएं महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, माया बेलचंदन डॉक्टर मानसी गुलाटी सरिता मिश्रा स्वाति साहू महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भिलाई स्वीटी कौशिक रहे खेलों के आयोजन के पश्चात प्रतिस्पर्धी विजई महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किया गया और कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु साधुवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय ने कहा कि हर महिलाओं के मन में एक बचपन होता है पर वह अपने मां की शंका के चलते अपने पति अपने बच्चों और अपने परिवारजनों के बीच इसे जाहिर नहीं कर पाती जिसके चलते वह अपनी चाहते खेल और मंशा के अनुरूप जीवन नहीं जी पाती है लेकिन आज इस खेलकूद के माध्यम से उन्हें पारिवारिक माहौल के साथ विभिन्न खेलकूद का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसे उन्होंने आनंद पूर्वक प्रतिस्पर्धा में भाग लिया खेलों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है।

उन्हें उनके परिवार का साथ मिले इसके अलावा विभिन्न प्रकार के प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जाना चाहिए मेरा यह प्रयास रहेगा कि समय-समय पर इसी प्रकार की खेल प्रतिस्पर्धाएं आयोजित करूं और महिलाओं को उनके जीवन के बचपन को बाहर ला सके।

## दुर्ग विश्वविद्यालय में पीएचडी की दो मौखिकी परीक्षा आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग में आज टैगोर हॉल में पीएचडी के 02 वायवा आयोजित किये गये। प्रथम वायवा में कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई नगर शोधकेन्द्र की शोधार्थी एवं डाइट, दुर्ग की व्याख्याता, नीलम दुबे ने अपनी शोधनिर्देषक, भारती विष्वविद्यालय, दुर्ग की डॉ. स्वाति पांडे एवं सहषोधनिर्देषक कल्याण कॉलेज, भिलाई की सेवा निवृत्त प्राध्यापक, डॉ. शोभा पुरकर के मार्गदर्षन में पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अपना शोधकार्य प्रस्तुत किया। यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय की पीएचडी सेल प्रभारी, डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि श्रीमती नीलम दुबे ने प्रयास अवासीय विद्यालय के सिनियर सेकेण्डरी स्तर के विद्यार्थियों से संबंधित शोधकार्य के दौरान संस्थागत वातावरण तथा विद्यार्थियों में मूल्य एवं सामंजस्य स्थापित करने की क्षमता पर गहराई से विष्लेषण किया। श्रीमती दुबे के शोधकार्य के मूल्यांकन हेतु बाह्य परीक्षक के रूप में हवाबाग महाविद्यालय, जबलपुर की प्राध्यापक, डॉ. हिमानी उपाध्याय उपस्थित थीं। डॉ. प्रीता लाल के अनुसार पीएचडी वायवा के दौरान विष्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा, कुलसचिव, श्री भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव, डॉ. पी. के. श्रीवास्तव, वाणिज्य संकाय के डीन, डॉ. एच पी सिंह सलूजा सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं शोधार्थी ऑनलाईन एवं ऑफलाईन रूप से उपस्थित थें। द्वितीय वायवा में वाणिज्य संकाय की अल्का पांडे, शोधनिर्देषक, एचडीएफसी तथा आईसीआईसीआई के वित्तीय परफॉमेंस पर प्रभाव का पावर प्वाइंट के माध्यम से विष्लेषण किया।

## प्रत्याशी चयन पर पदाधिकारियों से राय लेने विधानसभा पर्यवक्षक पहुंचे दुर्ग बीजेपी कार्यालय

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा आगामी चुनाव के परिप्रेक्ष्य में प्रत्याशी चयन पर विधानसभाओं के प्रमुख पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर उपयुक्त प्रत्याशी का नाम जानने की प्रक्रिया में प्रदेश की ऐसी सभी विधानसभा में पर्यवेक्षक भेजे गए जहां प्रत्याशी चयन नहीं हुआ है। इसी कड़ी में दुर्ग जिले में दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण और अहिवारा विधानसभा के लिए शनिवार को पर्यवेक्षक भेजे गए।




दोपहर 12:00 बजे दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में सर्वप्रथम दुर्ग शहर विधानसभा के पर्यवेक्षक 20 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व अध्यक्ष खूबचंद पारख अपने दुर्ग विधानसभा के प्रमुख पदाधिकारियों से सामूहिक चर्चा की और उसके बाद वन टू वन चर्चा की। सामूहिक चर्चा के दौरान खूबचंद पारख ने पदाधिकारियों से कहा पार्टी ने 21 प्रत्याशियों का पहले ही चयन कर लिया है और शेष विधानसभा सीटों के लिए पार्टी पदाधिकारियों के मन की बात जानने के लिए वह आए हैं। पार्टी में काम करने वाले सभी पदाधिकारी को टिकट मांगने का पूरा अधिकार है लेकिन अंतिम निर्णय पार्टी करती है और पार्टी के निर्णय को शिरोधार्य करना संस्कारित और अनुशासित कार्यकर्ता की पहचान है।

दोपहर 2:00 बजे दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पर्यवेक्षक पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पदाधिकारी से सामूहिक एवं वन टू वन चर्चा की। सामूहिक चर्चा के दौरान चंदूलाल साहू ने कहा कि प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया में पर्यवेक्षक के रूप में वे सभी कार्यकर्ताओं से खुलकर बात करेंगे। प्रत्याशी बनने की चाहत सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं को होती है परंतु पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी कोई एक कार्यकर्ता ही बन सकता है, जिस कार्यकर्ता के नाम पर पार्टी मुहर लगाएगी, उस कार्यकर्ता को संगठन के बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेता को स्वीकार करना होता है, यही पार्टी का सिद्धांत है।

शाम 4:00 बजे अहिवारा विधानसभा के पर्यवेक्षक पूर्व सांसद पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे उन्होंने अहिवारा विधानसभा के कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी को कार्यकर्ताओं ने अपने खून पसीने से सींचा है, पार्टी की नजर में हर कार्यकर्ता उत्कृष्ट है। हर कर्मठ कार्यकर्ता के मन में राजनीति में आगे बढ़ाने की आकांक्षा रहती है, जो स्वाभाविक है, पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं से अवगत होना चाहती है और इसीलिए पार्टी ने अपने प्रतिनिधि के रूप में पर्यवेक्षक बनाकर उन्हें भेजा है। पार्टी का चयन हमेशा सर्वश्रेष्ठ चयन होता है जिसे मानना प्रत्येक ईमानदार और समर्पित कार्यकर्ता का धर्म है। आगामी चुनाव में एकजुट होकर भ्रष्ट घोटालेबाज और तानाशाह कांग्रेस को सत्ता से बाहर करना है, जिसके लिए सभी कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और समर्पण की आवश्यकता है, पार्टी जिसे भी प्रत्याशी के रूप में अवसर दे, उसको जिताने का हम सबका उत्तरदायित्व है। मंचीय कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि ईमानदार कार्यकर्ता हमेशा पार्टी की जीत चाहता है, ईमानदार कार्यकर्ता के लिए विचारधारा और पार्टी के सिद्धांत महत्व रखते हैं। प्रत्याशी चयन के बाद उसका विरोध करना अथवा घोषित प्रत्याशी को लेकर नकारात्मक टीका टिप्पणी करना पार्टी को धोखा देने के समान है। वर्तमान कांग्रेस सरकार की कारगुजारियों से पूरा प्रदेश त्रस्त है, इस सरकार से मुक्ति दिलाने का काम भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं के कंधों पर हैं, हमारा प्रत्याशी कमल निशान है जिसको जीतना कर्तव्य है।

## आर्टकॉम के अभियान से जन जन जागा प्रशासनः निशु पाण्डेय

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** संस्था जो समाज को जागरूक करने अलग अलग दिशाओं में कार्य करती हैं उसमें से एक कार्य है वृक्षारोपण अतः संस्था संचालक निशु पाण्डेय ने बताया कि आर्टकॉम के अभियान हर आँगन एक पेड़ ने 5 वर्ष पहले मात्र 21 पौधों अपनी स्कुटी में लेकर आये थे तब करमजीत सिंह ,बलदेव सिंह, शारदा गुप्ता , नीलकमल सोनी बॉबी देवोल ,संतोष यादव , उज्वल तुसिब के सहयोग से हमने हर रविवार वृक्षारोपण करना शुरू किया कुछ ही सप्ताह में हमारे सहयोगियों की संख्या बड़ने लगी और आज संस्था के पचास से अधिक सक्रिय कार्य कर्ता है साथ ही हमारे अभियान से प्रेरित होकर कई संस्थान वृक्षों के रोपण हेतु कार्य कर रही है ।

इसी कड़ी में आज वैशालीनगर विधानसभा के बाबा दीप सिंह नगर के परशुरामजी उद्यान में उपाध्याय ब्रदर्स अजय उपाध्याय ,संजय उपाध्याय ,राजू उपाध्याय के नेतृत्व में पौधों का रोपण किया गया इस समय बाबा दीप सिंह नगर के बुजुर्ग एवं युवा भीआर पी मिश्रा ,मुरारी तिवारी ,राकेश मिश्रा आर पी वासने , शुभम कदम , चावला जी ,कान्हा पाठक जोरावर सिंह उपस्थित थे ।

अजय उपाध्याय ने आर्टकॉम के अभियान हर आँगन एक पेड़ की तारीफ़करते हुये कहा कि आज वैशालीनगर विधानसभा की स्थिति पहले से बेहतर है और आज का वैशालीनगर हरा भरा दिखने लगा है। संस्था के मेहनती कार्य करता गुरनाम सिंह ने कहा कि इतने पौधों का रोपण करने के बाद भी उमस खत्म नहीं हो रही है जिसके कारण बच्चे बार बार बीमार हो रहे है अतः परिवार के हर सदस्य के नाम पर एक पौधा परिवार जनों द्वारा लगाया जाना चाहिये जिससे हर आँगन एक पेड़ अभियान को तीव्रता मिलेगी। इस अवसर पर संस्था आर्टकॉम के संरक्षक करमजीत सिंह , शारदा गुप्ता ,डॉ रमेश श्रीवास्तव ,संजय तिवारी, बंटी नाहर , , मदन सेन ,पारस जंघेल, गुरनाम सिंह ,विजय गुप्ता , अमिताभ भट्टाचार्य ,अरविंद पाण्डेय , श्रीनिवासन मिश्रा, लखविंदर सिंह,राकेश अग्रवाल, सुदेश , राजीव अग्रवाल , भास्कर तिवारी , व संस्था संचालक निशु कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950